सुविचार

जो व्यक्ति शांत और प्रसन्न स्वभाव का होता है, उसे उम्र का दबाव शायद ही महसूस होता है।

-प्लेटो

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज़ Published from Ranchi

12

Shraddha Kapoor Spills The Beans...

Ranchi • Thursday, 12 December 2024 • Year : 02 • Issue : 319 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

सेंसेक्स	:	81,526.14
निफ्टी	:	24,641.80

SARAFA

सोना	:	7,455
चांदी	:	103.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

संजय मल्होत्रा बने आरबीआई के नए गवर्नर

MUMBAI : बुधवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के 26 में गवर्नर के रूप में संजय मल्होत्रा ने जिम्मेदारी संभाल ली। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक नीतिगत मोर्चे पर स्थिरता को बनाए रखेगा। मौजूदा वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक माहौल को देखते हुए हमें सतर्क और सजग रहने की जरूरत है।

बांग्लादेश की सीमा पर भारत ने बढ़ाई सुरक्षा

NEW DELHI : बुधवार को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारत के त्रिपुरा बॉर्डर तक लॉन्ग मार्च निकाला। इस लॉन्ग मार्च को त्रिपुरा चली अभियान नया दिया गया है। बुधवार को सुबह 9 बजे ढाका के नयापल्टन से इसकी शुरूआत की गई। भारत ने हालात देखते हुए सुबह से ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। पश्चिमी त्रिपुरा जिले के एसपी किरण कुमार ने सुबह बॉर्डर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी प्रदर्शनकारियों को जीरो पॉइंट से पहले ही रोक दिया गया।

वायुसेना के जवान ने ड्यूटी के दौरान किया सुसाइड

NAGPUR : वायुसेना के एक सार्जेंट ने ड्यूटी के दौरान कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। गिट्टिखदान थाने के एक अधिकारी ने बताया कि हरियाणा में भिवानी के रहने वाले जयवीर सिंह (36) ने मंगलवार देर रात करीब दो बजे अपनी सर्विस बंदूक से खुद को गोली मार ली।

सुखी, समृद्ध एवं उन्नत झारखंड बनाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे विधायक

गवर्नर ने हेमंत सरकार का बताया रोड मैप

केंद्र सरकार से 1 लाख 36 हजार करोड़ लेने की कानूनी लड़ाई लड़ेगी सरकार

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने अभिभाषण में हेमंत सोरेन सरकार का रोडमैप प्रदेश के लोगों के सामने रखा। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य के सभी नवनिर्वाचित विधायक सुखी, समृद्ध एवं उन्नत झारखंड के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। बता दें कि झामुमो ने विधानसभा चुनाव में जारी किए गए घोषणा पत्र में वादा किया था कि जब वह सत्ता में आएगी तो महिलाओं को राज्य सरकार की हर नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण देगी। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि केंद्र और उनकी कंपनियों के बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये हासिल करने के लिए झारखंड सरकार कानूनी रास्ता देखेगी। राज्यपाल ने कहा कि इसमें 95000 सरकारी पदों पर जल्द बहाली की बात कही गई। अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा कि 60 हजार शिक्षकों के पद भरे जाएंगे। 15 हजार प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति होगी। 10 हजार पुलिसकर्मियों की नियुक्ति का भी एलान किया। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के लिए 10 हजार भाषा शिक्षकों को नौकरी देगी।

राज्य के सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार किया जाएगा सुनिश्चित

सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33% आरक्षण, 95000 खाली सरकारी पदों को शीघ्र भरेगी सरकार

- सहारा इंडिया के पीड़ित निवेशकों की लड़ाई लड़ेगी झारखंड सरकार
- किसानों को बिना ब्याज कृषि ऋण मुहैया करने का किया जाएगा इंतजाम
- नदियों एवं डैम के पानी के सदुपयोग के लिए शुरू होंगी 10 हजार करोड़ की योजनाएं
- राज्य में खोले जाएंगे 4500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय, हर प्रखंड में खुलेगा डिग्री कॉलेज
- केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था करेगी सरकार

विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन अभिभाषण पढ़ते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार।

- जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों के मानदेय में किया जाएगा इजाफा
- आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन बच्चों को दिया जाएगा अंडा या फल
- शहरी क्षेत्रों में वर्षों पुराने बने घरों के नक्शे का किया जाएगा नियमितीकरण
- नई पेंशन योजना के तहत जमा पैसे को केंद्र सरकार से वापस लेकर कर्मियों के पेंशन खाते में करवाया जाएगा जमा
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले झारखंड के खिलाड़ियों की सरकारी पदों पर की जाएगी नियुक्ति
- जिला मुख्यालयों में कराया जाएगा बहूद्देशीय स्टेडियम का निर्माण

अभिभाषण की अन्य प्रमुख बातें

- सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत हर महीने मिलेंगे ₹2500
- अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से लोगों को तेजी से जोड़ने का होगा काम
- गरीबों को हर माह 7 किलो चावल और 2 किलो दाल सरकार की ओर से दिया जाएगा
- झारखंड में मदरसा बोर्ड का किया जाएगा गठन
- स्वयंसहायता समूह से जुड़ीं महिलाओं के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे स्वरोजगार के अवसर
- ग्राम संगठन को बिना ब्याज उपलब्ध कराया जाएगा 15 लाख का क्रेडिट लिंकेज
- चरणबद्ध तरीके से अबुआ आवास योजना के तहत 25 लाख से अधिक गरीब परिवारों को उपलब्ध कराया जाएगा 3 कमरों का सुंदर आवास
- राज्यकर्मियों की पुरानी पेंशन व्यवस्था को सुरक्षित रखेगी सरकार

आदिवासियों को 28, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 व अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्मकोड का प्रस्ताव पास

राज्यपाल ने कहा कि पंचम विधानसभा में सरकार ने आदिवासियों को 28 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत और अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत आरक्षण देने के अलावा सरना धर्मकोड का प्रस्ताव पास किया था। ये सभी प्रस्ताव अभी केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास लंबित हैं। सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय से इन प्रस्तावों को जल्द मंजूरी दिलाने का प्रयास करेगी। राज्यपाल ने कहा कि सहारा इंडिया से पीड़ित निवेशकों की लड़ाई झारखंड सरकार लड़ेगी। निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक और सड़क से लेकर संसद तक। जब तक सभी निवेशकों को उनका पैसा नहीं मिल जाएगा, सरकार उनकी लड़ाई लड़ती रहेगी।

किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण

राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों को केंद्र की ओर से बहुत कम पारिश्रमिक दिया जाता है। उनकी सरकार अपनी तरफ से मनरेगा मजदूरों के लिए पैसे की व्यवस्था करेगी, ताकि उन्हें न्यूनतम 350 रुपये मजदूरी मिल सके। नदियों एवं डैम के पानी के सदुपयोग के लिए 10 हजार करोड़ की योजनाएं झारखंड में शुरू की जाएगी।

खुलेंगे 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

राज्यपाल ने कहा कि आने वाले वर्षों में झारखंड में 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। इन स्कूलों में स्वास्थ्य और संगीत के शिक्षकों की नियुक्ति होगी। 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय भी खोले जाएंगे। इतना ही नहीं, हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना होगी। अनुमंडल स्तर पर पॉलिटेक्निक खोले जाएंगे। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर लाइब्रेरी की भी स्थापना का ऐलान राज्यपाल ने किया। उन्होंने कहा कि केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था सरकार करेगी। अपने अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने झारखंड सरकार द्वारा पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यों की भी चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने आदिवासियों को 28 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण और अल्पसंख्यकों को 12 प्रतिशत आरक्षण दिया है।

नियुक्ति संबंधी याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

जेपीएससी अध्यक्ष की शीघ्र नियुक्ति का निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन के अध्यक्ष की नियुक्ति से संबंधित याचिका पर हाईकोर्ट में जस्टिस एसएन पाठक की बेंच में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बताया कि 22 अगस्त के बाद से ही आयोग के अध्यक्ष का पद रिक्त पड़ा हुआ है। इससे कई परीक्षाओं का परिणाम और प्रक्रिया बाधित है। इस मामले को लेकर एक अभ्यर्थी की ओर से एक रिट याचिका दाखिल की गई थी। पहली ही सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को जल्द से जल्द अध्यक्ष की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है।

पॉलिसी से जुड़ा मामला : कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इतनी पॉपुलर गवर्नमेंट बनी है, फिर भी एक अध्यक्ष की नियुक्ति में इतनी देर आखिर क्यों हो रही है। डीजीपी और अन्य पद तुरंत भर लिए जा रहे हैं।

- जस्टिस एसएन पाठक की बेंच में हुई सुनवाई
- 22 अगस्त के बाद से ही आयोग के अध्यक्ष का पद है खाली
- कई परीक्षाओं का परिणाम और प्रक्रिया बाधित

2035 तक भारत स्थापित कर लेगा अपना स्पेस स्टेशन

NEW DELHI : केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन स्थापित कर लेगा। इसे भारत अंतरिक्ष स्टेशन नाम दिया जाएगा। इसके साथ ही, 2040 तक एक भारतीय को चंद्रमा पर भेजने की योजना है। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. सिंह ने बताया कि 2025 के अंत तक या 2026 की शुरूआत में, गगनयान मिशन के तहत पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएगा। साथ ही भारत अपने गहरे समुद्र मिशन के तहत 6,000 मीटर की गहराई में मानव को भेजने की योजना बना रहा है।

झामुमो केंद्रीय समिति की मीटिंग में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

हमने लड़कर जीत हासिल की कभी हार नहीं मानी : हेमंत सोरेन

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में शामिल हुए। बैठक का आयोजन विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद आगे की रणनीति पर चर्चा करने के उद्देश्य से हुई। मौके पर झामुमो के सभी विधायक समेत पार्टी के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। पार्टी को दूसरे राज्यों में कैसे मजबूत बनाना है, इसे लेकर मंथन हुआ। सीएम हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उनका आभार जताते हुए आगे के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा संघर्ष से उपजी पार्टी है। इसी वजह से हमने हमेशा हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी है। हमने लड़कर जीत हासिल की, कभी भी हार नहीं मानी।

कार्यकर्ताओं को दिया टास्क, झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के कोने-कोने तक पहुंचाने का किया आह्वान

- पार्टी को दूसरे राज्यों में मजबूत बनाने को लेकर हुआ मंथन
- सीएम बोले- झारखंड मुक्ति मोर्चा संघर्ष से उपजी पार्टी
- राज्यवासियों के आशीर्वाद से मजबूत अबुआ सरकार का हुआ गठन

हक-अधिकार देने का करना है काम

सीएम ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकताओं की कड़ी मेहनत और करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार। झवंचित, शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक-अधिकार देने का काम करना है। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मीडिया से कहा कि यह बैठक कार्यकर्ताओं का आभार जताने के लिए बुलाई गई थी। इसमें जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के कार्यकर्ता शामिल हुए।

राहुल गांधी ने स्पष्ट बोला- हम नहीं छोड़ेंगे गौतम अडानी पर चर्चा

AGENCY NEW DELHI : बुधवार को संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को 12वां दिन था। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम गौतम अडानी मुद्दे पर चर्चा नहीं छोड़ेंगे। राहुल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की और कार्यवाही से अपमानजनक बातें हटाने का अनुरोध किया। राहुल ने कहा- हमारा मकसद है कि संसद चले, सदन में चर्चा हो। वे (सत्ता पक्ष) मुझे क्या कहते हैं, ये मायने नहीं रखता। हम चाहते हैं कि 13 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हो। इधर, राज्यसभा में सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हंगामा हुआ। राज्यसभा पहले 12 बजे तक, फिर 12 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई।

- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला से की मुलाकात
- कार्यवाही से उनके खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को हटाने का किया अनुरोध
- भाजपा अध्यक्ष नड्डा बोले- कांग्रेस बताए सोनिया-सोरोस का रिश्ता

मुद्दे को भटकाने की कोशिश करती है कांग्रेस

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि दो दिन से हमारे लोग इस बात को उठा रहे हैं कि जॉर्ज सोरोस और सोनिया गांधी का क्या संबंध है। देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का सवाल है। यह देश की संप्रभुता पर भी प्रश्नचिह्न है। हम सोरोस पर इसलिए बात करना चाहते हैं, क्योंकि हम आम आदमी के लिए प्रतिबद्ध हैं। चेयर पर आरोप लगाकर अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रयास किया। यह मुद्दे को भटकाने के लिए कुत्सित प्रयास है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 72 साल बाद किसान का बेटा उपराष्ट्रपति बना। ऐसा सभापति मिलना मुश्किल है। विपक्ष ने सदन की गरिमा गिराई है। जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस के बीच रिश्ता क्या है, उन्हें ये बताना चाहिए। कांग्रेस को देश से माफी मांगनी

प्रियंका बोलीं- रोज सदन स्थगित करा रही सरकार

प्रियंका गांधी ने कहा कि हम जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वो बाहर कर रहे हैं। हम रोज कोशिश करते हैं, लेकिन वे (सरकार) चर्चा नहीं चाहते। रोज किसी न किसी बहाने सदन को स्थगित करा रहे हैं।

भविष्य की सुरक्षा पानी की बर्बादी के प्रति जागरूकता ही एकमात्र उपाय

जल को कल के लिए भी बचाकर रखने का काम अहम

AGENCY NEW DELHI : जल जीवन के लिए प्रकृति का अनमोल उपहार है। जीवन का मतलब सिर्फ मानव जीवन ही नहीं, बल्कि सभी जीवों का जीवन। यदि शरीर की जैविक आवश्यकता के अनुसार, जलीय जीवों को भी पानी न मिले तो वे अधिक दिनों तक जिंदा नहीं रह सकते। जो जीव जालीय नहीं है, उन्हें तो हर हाल में जैविक क्रियाओं के लिए जल पर ही आधारित रहना पड़ता है। मानव जीवन के लिए भी यह स्थिति समान है। जल बनने की प्राकृतिक प्रक्रिया यदि मानव गतिविधियों से प्रभावित होती है, तो उसका असर समग्र जैव संतुलन पर नकारात्मक रूप में पड़ता है। जल की आवश्यकता आज जितनी है, कल उसकी आवश्यकता बढ़ेगी। अत: कल के लिए अगर हमने जल को बचाने के काम को अहमियत नहीं दी, तो आज के साथ-साथ कल भी प्रभावित होगा। कल यानी भविष्य की पीढ़ी। आज के समय में यह देश के लिए सुखद स्थिति कहीं जा सकती है कि हमारे प्रमुख जलाशयों में वर्तमान जल संग्रहण 145.416 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है।

गुजरे 10 सालों के औसत से लगभग 117 फीसद अधिक है अभी का संग्रहण

केंद्रीय जल आयोग की अपडेट रिपोर्ट में 155 जलाशयों की दी गई है जानकारी

यह सुखद है कि देश के प्रमुख जलाशयों में बीते साल की अपेक्षा अधिक पानी मौजूद

वर्तमान में 145.416 बिलियन क्यूबिक मीटर है जल संग्रहण	उत्तर क्षेत्र के जलाशयों में पिछले साल की तुलना में कम है पानी	कृषि, औद्योगिक व पेयजल जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ये जलाशय

अभी लबालब हैं पश्चिम के जलाशय

रिपोर्ट बताती है कि देश के पश्चिमी क्षेत्र (गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र) में जलस्तर सबसे ज्यादा है, जो कुल क्षमता का 91 फीसद है। यह पिछले साल के 79 फीसद और 10 साल के औसत 71 फीसद के स्तर से काफी बेहतर है। मध्य क्षेत्र के हालात भी सुधरे हैं। दक्षिण में राहत स्थित है। मध्य क्षेत्र (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़) और दक्षिणी क्षेत्र में जलस्तर 83 फीसद है। उत्तरी क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान) में जल स्तर केवल 56 फीसद है। यह पिछले साल के 69 फीसद और 10 साल के औसत से कम है।

80 प्रतिशत है जल संग्रहण क्षमता

देश के 155 प्रमुख जलाशयों के जल संग्रहण की कुल क्षमता 180.852 बीसीएम है, जो भारत के कुल जल भंडारण का 70.15 फीसदी है। मौजूदा समय में ये जलाशय अपनी कुल जल संग्रहण क्षमता के 80 फीसद पर हैं। यह बीते साल और 10 साल के औसत दोनों के मुकाबले अहम सुधार है। सीडब्ल्यूसी के अनुसार, ये जलाशय देश में कृषि, औद्योगिक और पेयजल जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हैं। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के नवीनतम बुलेटिन में यह खुलासा हुआ है।

सीरिया में फंसे 75 भारतीय नागरिकों को सरकार ने निकाला

NEW DELHI : भारत सरकार ने सीरिया में हाल ही में हुए घटनाक्रम के बाद 75 भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला। इनमें जम्मू और कश्मीर के 44 'जायरीन' शामिल थे, जो सैदा जैनब में फंसे हुए थे। सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित रूप से लेबनान पहुंच गए हैं और वे उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से भारत लौटेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि सीरिया में सुरक्षा स्थिति के हमारे आकलन और भारतीय नागरिकों के अनुरोध के बाद दमिश्क और बेरूत स्थित भारतीय दूतावासों द्वारा समन्वित निकासी की प्रक्रिया शुरू की गई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

बाइक सवार अपराधियों ने युवक को मारी गोली

नमिता देवी हत्याकांड में शामिल रहा है घायल सद्दाम कुरैशी

AGENCY PALAMU : जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कोयल नदी किनारे कसाब मोहल्ला में बाइक सवार अपराधियों ने बुधवार को सद्दाम कुरैशी (30) को गोली मार दी। युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे बांह में गोली लगी है। गोली मारने वाले अपराधियों की संख्या दो बताया जा रहा है। दोनों बाइक से पहुंचे थे। जख्मी युवक मेदिनीनगर की शास्त्री नगर निवासी नमिता देवी मर्डर केस में जेल जा चुका है। सद्दीक चौक से सटे एक दुकान में दिनदहाड़े नमिता देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस हर एक एंगल पर जांच में जुटी हुई है। अपराधियों की

अस्पताल में इलाजरत सद्दाम कुरैशी व बाहर बैठे परिजन • फोटोन न्यूज

पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। जख्मी युवक की पत्नी नजराना बीवी ने निजी अस्पताल में बताया कि उसके सोहर सद्दाम कुरेशी नौ माह के बच्चे की देखभाल कर रहे थे। घर के बाहर धूप में खड़े थे। मैं कमरे में अंदर मोजा लेने अंदर गयी थी। इसी क्रम में मोटरसाइकिल से दो युवक पहुंचे और गोली चलाकर भाग निकले। महिला ने बताया कि घटना को मिंटू रंगसाज और साबिर रंगसाज ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। दोनों गढ़वा के रहने वाले हैं। दोनों छोटू रंगसाज मर्डर केस में शामिल थे। छोटू की हत्या रांची में दिनदहाड़े कर दी गई थी। नजराना ने सीसीटीवी फुटेज की जांच करके आरोपियों की पहचान करने और जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। इधर, गोली लगने के बाद जख्मी हालत में सद्दाम को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया।

कोडरमा में अवैध माइका खनन रोकने के लिए छापेमारी

KODERMA : वन विभाग की टीम और कोडरमा पुलिस ने छापेमारी कर तीन शक्तिमान, एक जेसीबी जब्त किया है। जंगल के इंदरवा चितरपुर स्थित लोमचाची जंगल मे अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन, तीन शक्तिमान जब्त किया है। रेंजर रामबाबू ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लोमचाची जंगल में छापेमारी की गयी। अंधेरे का लाभ देखकर चालक फरार हो गये। इस मामले में अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। जब्त वाहनों को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है। मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा माहतो गोपाल यादव के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

स्कूल से घर जा रही छात्रा का करकट से कटा गला, रेफर

AGENCY PALAMU : राजकीय मध्य विद्यालय तरहसी से छुट्टी के बाद घर लौट रही वर्ग छह की छात्रा सौम्या कुमारी का करकट से गला कट गया। गंभीर अवस्था में उसे उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। छात्रा सौम्या अपने मामा के घर तरहसी में रहकर पढ़ाई करती थी। छात्रा के पिता का कृष्णा तिवारी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को स्कूल से छुट्टी होने पर छात्रा सौम्या अपनी सहपाठियों के साथ घर जा रही थी। रास्ते में पड़ने वाले शिव शक्ति इंटरप्राइजेज में दुकानदार शिवकुमार साव सड़क पर करकट लोड कर रहा था। बिना किसी सुरक्षा उपाय के खुले में करकट लोड किया जा रहा था। दुकानदार की लापरवाही के कारण एक साथ कई करकट

एंबुलेंस में घायल को ले जाते परिजन • फोटोन न्यूज

गाड़ी से गिरने लगे। इसी क्रम में छात्रा की दिशा में लुढकते हुए एक करकट से अचानक उसका गला कट गया। इस दृश्य को देखकर आसपास के लोग हैरान हो गए और तुरंत स्थानीय पुलिस और एम्बुलेंस को सूचित किया। छात्रा को गंभीर अवस्था में उपस्वास्थ्य केंद्र तरहसी भेजा गया। इस घटना को लेकर परिजन एवं स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। तरहसी भाजपा मंडल महामंत्री अनिल सिंह ने इस लापरवाही पर दुकानदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस दुर्घटना के बाद से लोग सड़क पर दुकानदारों के जरिये सामान लोड करते वक्त सुरक्षा उपायों की कमी पर चिंता जता रहे हैं।

यह हादसा इस बात की ओर इशारा करता है कि सड़क पर व्यापारियों और दुकानदारों को सामान लोड करते समय अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए, ताकि घटना की पुनरावृति ना हो सके।

BRIEF NEWS

नहीं रहे भाजपा नेता मुनीनाथ मिश्रा

KHUNTI : जनसंघ काल के वयोवृद्ध भाजपा नेता और पद्मभूषण कड़िया मुंडा के निकटतम सहयोगी मुनीनाथ मिश्रा (82) का मंगलवार की देर

रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ माह से बीमार थे। रात को लगभग एक बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मुनीनाथ मिश्रा बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष भी थे। मुनीनाथ मिश्रा लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा के राजनीतिज्ञ सलाहकार के रूप में जाने जाते थे। कुछ महीनों पूर्व उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। कुछ दिनों के बाद वे खूंटी आ गये थे, लेकिन घर पर ही रहते थे। मुनीनाथ मिश्रा के निधन पर पद्मभूषण कड़िया मुंडा, सांसद कालीचरण मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा सहित कई नेताओं और सामजिक कार्यकताओं ने मुनीलनाथ मिश्रा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

नगरपालिका चुनाव की सरगर्मी तेज

DHANBAD : धनबाद में नगरपालिका चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। इसके निमित्त पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण के लिए बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारियों को वार्डवार प्रगणक का गठन कर सर्वे शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद में अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के संबंध में वार्डवार सूचना अद्यतन मतदाता सूची के आधार पर निर्धारित प्रपत्र-1 से 3 में एवं पिछड़े वर्गों की राजनीतिक स्थिति की जानकारी के लिए अनारक्षित वर्ग के विरुद्ध चुने गए अत्यंत पिछड़ा वर्ग-पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधियों की सूचना पिछले दो निर्वाचन के आधार पर निर्धारित प्रपत्र-4 व 5 से प्राप्त कर 31 दिसंबर से पहले पूरा करें। बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तथा सभी बीडीओ-सीओ मौजूद थे।

बिना परमिशन होर्डिंग लगाने पर कार्रवाई : डीसी

RAMGARH : रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र और छावनी परिषद क्षेत्र का विलय होना लगभग तय हो गया है। इन दोनों क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य भी हो रहे हैं। लेकिन ऑरेंज मीडिया इन क्षेत्रों में बिना अनुमति के अपना प्रचार होर्डिंग और बैनर लगाकर कर रही है। इन क्षेत्रों में बिना अनुमति के प्रचार करने वालों पर कार्रवाई होगी। यह निर्देश बुधवार को समीक्षा बैठक के दौरान डीसी चंदन कुमार ने दिया। नगर परिषद क्षेत्र में बिना अनुमति के होर्डिंग लगाए जाने संबंधित मामले में ऑरेंज मीडिया एजेंसी के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है। डीसी चंदन कुमार ने बैठक में पूर्व में दिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार के जरिये अन्य विकास कार्यों के संबंध में डीसी, डीडीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई। शहरी जलापूर्ति योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में पतरातू डैम परिसर में सम्प हाउस निर्माण, चैंगड्डा तथा बंजारी में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने के लिए तत्काल रूप से भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया।

पतरातू में सभी गिरोह पर कसी जाएगी नकेल, एसपी ने थानेदारों को दिए निर्देश

क्राइम मीटिंग में अपराधों की समीक्षा में कहा-हवाई फायरिंग भी गंभीर

AGENCY RAMGARH : त्योहार और चुनाव के बाद रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बुधवार को क्राइम मीटिंग बुलाई। इस मीटिंग में उन्होंने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी के तल्ख तेवर देख सभी थाना प्रभारी भी अलर्ट मोड में आ गए हैं। एसपी ने थाना प्रभारियों को आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हर हाल में आपराधिक गिरोह पर नकेल कसना होगा। किसी भी सूरत में वैसे अपराधी बचने नहीं चाहिए जो अपना वर्चस्व कायम करने के लिए हवाई फायरिंग कर रहे हैं। संगठित अपराध के खिलाफ

पुलिस पदाधिकारियों की बैठक करते एसपी अजय कुमार • फोटोन न्यूज

अभियान चलाया जाएगा। साथ ही सभी इलाकों में सघन छापेमारी होगी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि चुनाव के बावजूद कई मामलों का निष्पादन हुआ है, जो कि सक्रिय पुलिसिंग का संकेत है। कई अपराधी जेल से छूटने के बाद किन गतिविधियों में शामिल हैं इस पर नजर रखना भी बेहद जरूरी है। इसलिए थाना प्रभारी को अलर्ट रहने और लगातार छापेमारी करते रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि रामगढ़ जिले में कई घाटी हैं जिसमें अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। चुटूपालू घाटी के अलावा पतरातु वैली और गोला क्षेत्र में भी दुर्घटना संभावित क्षेत्र हैं। वाहन दुर्घटनाएं कैसे काम हो इसके लिए भी उपाय किए जा रहे हैं। क्राइम मीटिंग में रजरप्पा थाना सबसे अधिक पासपोर्ट वेरीफिकेशन पेंडिंग रखने के मामले में चर्चित रहा। एसपी अजय कुमार ने बताया कि उन्हें तत्काल सारे पासपोर्ट का वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा पोस्को एक्ट और महिलाओं के साथ हुए हादसों का निष्पादन 2 महीने के अंदर करने का निर्देश भी जारी किया गया है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि नए साल की शुरूआत होने वाली है और पिकनिक का माहौल अभी से ही बन गया है। पतरातु डैम और रजरप्पा क्षेत्र में लोगों का जमावड़ा भी लग रहा है। लेकिन ऐसे माहौल में हुड़दंगियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मध्याह्न भोजन लेते उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता • फोटोन न्यूज

डीसी ने किया मनिका के स्कूलों का निरीक्षण, चखा मिड डे मील

LATEHAR : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार को मनिका प्रखंड का दौरा किया, जिसमें उन्होंने डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने पठन-पाठन व छात्रों को मिल रही मूलभूत सुविधाओं एवं विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। इसी क्रम में वे आदिम जनजाति आवासीय बालक प्राथमिक विद्यालय, औराटांड़ भी गए, जहां बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व व्यवस्था का अवलोकन किया। यहां उन्होंने मिड डे मील भी चखा, जिससे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का पता चल सके। इसके अलावा उपायुक्त सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, राजकीय मध्य विद्यालय,शिंजो, कस्तूरबा गांधी मनिका आदि भी गए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्य कर रहे चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों व सफाई कर्मियों की स्थिति की जानकारी ली। डिस्पेंसरी का निरीक्षण कर दवा की उपलब्धता की वस्तुस्थिति से अवगत हुए।

लोस में उठाया गया मंडल डैम निर्माण का मामला

PALAMU : सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) निर्माण कार्य से संबंधित मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि लातेहार जिला में उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना स्थित है। इस परियोजना में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार और बिहार राज्य के गया एवं औरंगाबाद जिलों के लगभग 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराने, लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उद्योग धंधों की जरूरत की परिकल्पना है।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार बनने पर 1622.27 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना के

सांसद बीडी राम

पुनर्निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी।

परियोजना का कार्य वाप्कोस लिमिटेड कंपनी को मिला। प्रधानमंत्री ने पांच जनवरी 2019 को इस परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में आकर रखी। प्रधानमंत्री के जरिये शिलान्यास करने के बाद पलामू प्रमण्डल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिले की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आशा जगी।

नहाने गया युवक तालाब मे डूबा, तलाश जारी

GIRIDIH : जिले के सरिया थाना क्षेत्र के बलीडीह गांव में नहाने के दौरान एक युवक तालाब में डूबने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक को तालाब से निकालने की कोशिश की गई लेकिन उसका पता नहीं चला है तालाब में डूबे युवक का नाम मोहित राणा बताया जा रहा है। मोहित सुभाष राणा का पुत्र है और कोडरमा जिले का रहने वाला है। इन दिनों वह अपने मामा के घर बलीडीह आया हुआ था। मंगलवार शाम में गांव के तालाब में नहाने गया था। घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोग जुटे। जानकारी मिलने के बाद एसडीएम संतोष गुप्ता, एसडीपीओ धनंजय राम के साथ सरिया थाना प्रभारी और बीडीओ भी तालाब पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने युवक को काफी ढूंढने की कोशिश की लेकिन युवक का कुछ नहीं पता चल सका।

बस ने बाइक में मारी टक्कर युवक की हुई मौत, एक घायल

AGENCY KHUNTI : खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के ओरमेंजा गांव के पास बुधवार को यात्री बस और बाइक की हुई सीधी टक्कर में ज्योतिष होरो (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि आलोक टोपनो नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक रनिया थाना क्षेत्र के गरई डिगरी गांव का रहनेवाला था, जबकि घायल आलोक मरचा मिशन का रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार ज्योतिष होरो की पत्नी सदर अस्पताल खूंटी में भर्ती है। ज्योतिष अपने दोस्त आलोक टोपनो के साथ अपनी पल्सर बाइक से कंबल पहुंचाने अस्पताल जा रहा था। इसी क्रम में ओरमेंजा गांव के पास बाइक चालक ने विपरीत

एंबुलेंस में घायल • फोटोन न्यूज

दिशा से आ रही यात्री बस को सीधी ठोकर मार दी। इससे ज्योतिष हीरो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त आलोक गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे रेफरल अस्पताल ले जाया गया, पर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही ज्योतिष होरो की मां एंजलीना होरो और कई परिजन रेफरल अस्पताल पहुंचे। बेटे का शव देखते ही उसकी मां बार-बार बेहोश हो रही थी। परिजन उसे ढाढ़स दे रहे थे। तोरपा थाना की पुलिस ने सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों का सौंप दिया।

वर्षांत में ही पिकनिक स्थलों पर बढ़ी चहल-पहल, बंगाल से भी पहुंचने लगे पर्यटक

सैलानियों को खूब लुभा रहा खूंटी का विशाल लतरातू जलाशय

AGENCY KHUNTI

भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती खूंटी को प्राकृतिक सौंदर्य के रूप में कई सौगातें दी हैं, जो शायद ही झारखंड के किसी अन्य जिले में नजर आती हो। पेरवांघाघ, पंचघाघ, रानी फॉल, सप्तधारा, उलूंग, पांडूपुड़िंग, रिमिक्स फॉल सहित कई प्राकृतिक पर्यटन स्थल खूंटी जिले में आकर्षण का केंद्र हैं जबकि लतरातू जलाशय, रेमता जलाशय, बिरसा मृग विहार जैसे मानव निर्मित पर्यटन केंद्र हमेशा सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं। साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम, नकटी देवी, माता सोनमेर मदिर सहित कई धार्मिक स्थल भी युगों से लोगों के लिए आस्था के केंद्र रहे हैं।



डैम के किनारे का दृश्य व बोटिंग के लिए लगीं नौकाएं • फोटोन न्यूज

पक्षियों की चहचहाहट देती सुकून

खूंटी जिले के लतरातू डैम हाल के दिनों में सैलानियों के लिए बड़े आकर्षण केंद्र के रूप में उभरा है। लतरातू डैम अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और मनोरम दृश्य के लिए लोकप्रिय है। समय के साथ इसे पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के लिए और भी आकर्षक बनाया जा रहा है। लतरातू डैम के चारों ओर हरे-भरे जंगल, साफ-सुथरी झील और पक्षियों की चहचहाहट इसे एक आदर्श पिकनिक स्थल बनाते हैं। यहां आकर आप बोटिंग समेत अन्य मनोरंजक चीजों का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान परिवार और दोस्तों के साथ बहुमूल्य समय बिताने कर लिए बढ़िया विकल्प है। साथ ही प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीन के लिए भी एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है।

प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा लतरातू डैम : उपायुक्त

लतरातू जलाश के संबंध में खूंटी के उपायुक्त लोकश मिश्रा कहते हैं कि यह काफी आकर्षक है। यहां वर्षभर प्रकृति प्रेमियों और सैलानियों की भीड़ लगी रहती है। विशेषकर नवंबर से लेकर फरवरी तक तो यहा सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से लतरातू डैम को एक प्रमुख पर्यटन और पिकनिक स्थल के रूप में विकसित करने की पहल की गई है। लतरातू जलाशय के विकास के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। उपायुक्त ने कहा कि हमारा प्रयास है कि लतरातू डैम घूमने के लिए आने वाले पर्यटक एक अद्भुत अनुभव प्राप्त करें और इस क्षेत्र की सुंदरता और संस्कृति का आनंद लें। साथ ही उन्होंने पर्यटकों से अपील की कि डैम क्षेत्र में सुरक्षा निदेशों का पालन करें। प्रकृति की सुंदरता को संरक्षित करने के लिए कचरा न फैलाएं और पिकनिक के दौरान डैम के निकट सतर्कता बरतें।

नई कमेटी ने संभाला श्री दिगंबर जैन समाज का प्रभार

नवगठित कमेटी के पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

RAMGARH : श्री दिगंबर जैन समाज का चुनाव संपन्न होने के बाद सत्र 2024-26 के पदाधिकारी ने प्रभार ग्रहण कर लिया। अध्यक्ष पद पर प्रभार ग्रहण करने वाले राजेंद्र चूड़ीवाल ने बुधवार को नई कमेटी के पदाधिकारियों को नई ऊर्जा के साथ समाज का काम करने की बात कही। जैन भवन में आयोजित पदस्थापना समारोह में पुराने सत्र 2022-24 की कमेटी द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया,जिसमें पूर्व सचिव नरेंद्र छाबड़ा के जरिये प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जंबू पाटनी की ओर से विगत दो वर्षों का आय ब्यय का लेखा-जोखा समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

राजेंद्र को अध्यक्ष व योगेश को सचिव का मिला प्रभार

बैठक के दौरान राजेंद्र चूड़ीवाल को अध्यक्ष और योगेश सेठी को सचिव पद का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा राजेंद्र पाटनी को उपाध्यक्ष, विकास रपरिया को सहसचिव, सौरभ अजमेर को कोषाध्यक्ष, देवेंद्र गंगवाल को मंदिर मंत्री, मीडिया प्रभारी श्रवण जैन, सुनील छाबड़ा को भवन एवं भंडार मंत्री की जिम्मेवारी प्रदान की गई।

सच के हक में...
Daily THE PHOTON NEWS
www.thephotonnews.com
Thursday, 12 December 2024

लावारिस हालत में छोड़े गए शिशुओं की सुरक्षा का लिया संकल्प

BRIEF NEWS

छात्रों पर लाठीचार्ज कर सरकार ने स्पष्ट कर दी अपनी मंशा : चम्पाई

RANCHI : पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के विधायक चम्पाई सोरेन ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि एक कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। इसी तर्ज पर अपने कार्यकाल की शुरूआत में ही न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। चम्पाई सोरेन ने लिखा है कि हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि यदि नियुक्ति सहित किसी भी सरकारी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हों, तो सीबीआई जांच के जरिये सरकार इस विवाद का सर्वमान्य हल निकाल सकती है लेकिन जिस प्रकार लाठी के दम पर युवाओं के आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

सदर एसडीओ ने फुटपाथ पर सोने वाले बेघर लोगों को शेल्टर हाउस पहुंचाया

RANCHI : रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के आदेश के बाद में मंगलवार देर रात अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), सदर उत्कर्ष कुमार ने रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ पर सोने वालें बेघर लोगों को रेस्क्यू कर शेल्टर हाउस पहुंचाया। जो नहीं गए उनके लिए कंबल और अलाव की व्यवस्था की गई ताकि ठंड से उनका बचाव किया जा सकें। कुमार ने अपर बाजार स्थित और खादगड़ा स्थित शेल्टर होम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रूप से शेल्टर होम के बाथरूम की साफ-सफाई और रिपेयर कार्य कराने का संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही शहर अंचल अधिकारी को मुख्य इलाकों में अलाव जलाने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री बेहद संजीदगी से लोगों की समस्या को जमीनी स्तर पर दूर करने के लिए प्रयासरत हैं।

किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे : बाबूलाल

RANCHI : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किसानों से धान की खरीद के मामले में राज्य सरकार को अपना वादा निभाने को कहा है। सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने अपनी बात रखते कहा है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी। लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध करते कहा है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें। साथ ही, किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें।

PHOTON NEWS RANCHI : हर स्तर पर शिशुओं के जीवन की रक्षा होनी चाहिए। यह दुखद है कि देश में हर दिन कई नवजात शिशु लावारिस अवस्था में छोड़ दिए जाने के कारण असुरक्षा और लापरवाही का शिकार हो जाते हैं। इन शिशुओं के जीवन और अस्मिता की रक्षा के उद्देश्य से पालोना अभियान, जो आश्रयणी फाउंडेशन द्वारा समर्थित है, नवजात सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर निरंतर काम कर रहा है। इसी कड़ी में अभियान की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्यों ने छठी वर्चुअल मीटिंग की। बैठक में लावारिस हालत में छोड़े गए शिशुओं की हर तरह से सुरक्षा का संकल्प लिया गया। मीटिंग में 12 सदस्यों ने भाग लिया। इनमें डॉ. कृपा शंकर चौबे (भोपाल), एडवोकेट केडी शर्मा (पटना), डॉ. वैशाली निगम (देवास), एडवोकेट नवीन शेलर (दिल्ली), दीप सिंह (विदिशा), त्रिभुवन शर्मा (गुमला), एडवोकेट प्रीति प्रसाद (बोकारो), अविनाश आथल्ये (जबलपुर), नवीन कुमार (दिल्ली), मोहन कुमार (श्योहर), ज्योति पांडे (बेंगलुरु) तथा मोनिका आर्य (रांची) सम्मिलित हुईं।

नवजात सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर निरंतर काम कर रहा पालोना अभियान

राष्ट्रीय कोर कमेटी की मीटिंग में 12 सदस्यों ने की शिरकत, रांची की मोनिका व गुमला के त्रिभुवन ने भी रखे विचार

एक सेट फॉर्मेट की आवश्यकता

डॉ. वैशाली एनआईसीयू की इंचार्ज और शिशु रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने ड्राफ्ट तैयार करके दिया कि जब भी शिशु अस्पताल में लाया जाए तो क्या आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। कहा कि शिशुओं की जानकारी देने के लिए एक सेट फॉर्मेट की आवश्यकता है। वर्तमान में लगभग 18 पन्नों का फॉर्मेट है, जिसको भरना डॉक्टरों के लिए मुश्किल होता है।

न हो अधिक पूछताछ

एडवोकेट केडी मिश्रा ने कहा कि शिशु को सुरक्षित या घायल अवस्था में लाने वाले से अधिक पूछताछ न हो। इसके लिए कॉलम बना दिए जाएं जैसे – अजनबी, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, रिश्तेदार इत्यादि।

इलाज के बाद शिशु का डिस्चार्ज

मीटिंग में शिशु के डिस्चार्ज को लेकर चर्चा की गई। डॉ. वैशाली ने बताया कि डिस्चार्ज के समय शिशु के ट्रीटमेंट और टीकाकरण संबंधी जानकारी शिशु के साथ संलग्न रहती है। मोहन कुमार ने सुझाव दिया कि अस्पताल में किसी एक स्टाफ को बच्चे की स्थिति अपडेट व अन्य कार्य के लिए समन्वय का उत्तरदायित्व दिया जाना चाहिए।

होनी चाहिए जीवन रक्षक की जानकारी

मोनिका आर्या का मत था कि शिशु को लाने वाले का नाम अवश्य पूछा जाए, क्योंकि शिशु को बचाने वाले उसके जीवन रक्षक हैं और यह एक उत्तम कार्य है। मीटिंग के अंत में सभी लोग इस बात पर एकमत थे कि शिशु को लाने वाले की जानकारी को लेना मेंडेटरी न बनाया जाए, क्योंकि पुलिस के डर से बहुत से लोग अपनी जानकारी नहीं देना चाहते हैं।

सरेंडर किए गए शिशु का हो इलाज

डॉ. कृपा शंकर चौबे ने कहा कि जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के सरेंडर फॉर्म जैसा फॉर्मेट एबेंडन केस में भी रखा जा सकता है। इसके बाद शिशु के ट्रीटमेंट पर चर्चा हुई कि कैसे सरेंडर किए गए शिशु का इलाज किया जाना चाहिए। इस पर डॉ. वैशाली निगम ने डीएनए सैंपलिंग के विषय में जानकारी दी। डॉ. चौबे ने भी अपना मत दिया कि डीएनए संबंधी ऑर्डर करने का अधिकार सीडब्ल्यूसी के पास होना चाहिए।

गलत जानकारी से शिशुओं का बचाव जरूरी

मोनिका आर्य ने कहा कि कई बार शिशुओं के विषय में मीडिया में गलत जानकारी चली जाती है। इससे पॉलिसी बनाने में दिक्कत आती है। एडवोकेट नवीन शेलर ने डेटा और फॉर्मेट के डिजिटलीकरण पर जोर दिया। त्रिभुवन शर्मा ने सुझाव दिया कि मिशन वात्सल्य में बदलाव करके गाइडलाइन बनाई जा सकती है, ताकि शिशुओं का डाटा तैयार किया जा सके।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण ने पेश किया 11697 करोड़ का अनुपूरक बजट

महिला बाल विकास के लिए सबसे अधिक 6390.55 करोड़ का प्रावधान

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है। महिला बाल विकास के लिए 6,39,055.83 लाख रुपये, प्राथमिक शिक्षा के लिए 27280.18 लाख रुपये, माध्यमिक शिक्षा के लिए 30189.57 लाख रुपये, आवास प्रभाग के लिए 1.00 लाख रुपये, पंचायती राज के लिए 2516.35 लाख रुपये, ग्रामीण कार्य के लिए 2.66 लाख रुपये, डेयरी प्रभाग के लिए 29.34 लाख रुपये, कला संस्कृति के लिए 1924.25 लाख रुपये, एसटी-एससी पिछड़ा वर्ग के लिए 5238.13 लाख रुपये, जल संसाधन के लिए 6869.30 लाख रुपये, नगर विकास के लिए 143.25 लाख रुपये, परिवहन के लिए 0.01 लाख रुपये, पर्यटन के लिए 114.95 लाख रुपये, सूचना प्रौद्योगिकी के लिए 36.76 लाख रुपये, कृषि प्रभाग के लिए 44.54 लाख रुपये, पशुपालन प्रभाग के लिए 509.10 लाख रुपये, मंत्रिमंडल सचिवालय के लिए 6137.14 लाख रुपये, राज्यपाल सचिवालय के लिए 13.00 लाख रुपये, मंत्रिमंडल निर्वाचन के लिए 12311.00 लाख रुपये, मंत्रिमंडल निगरानी के लिए 32.90 लाख रुपये, नागर विमानन के लिए 2.00 लाख रुपये, सहकारिता के लिए 25006.41 लाख रुपये, ऊर्जा के लिए 257792.21 लाख रुपये, उत्पाद के लिए 66.70 लाख रुपये, वित्त विभाग के लिए 5865.42 लाख रुपये, ब्याज संदाय के लिए 11260.27 लाख रुपये, ऋण वापसी के लिए 1700.00 लाख रुपये, वित्त अंकेक्षण के लिए 4.13 लाख रुपये, वाणिज्यकर के लिए 391.00 लाख रुपये, खाद्य आपूर्ति के लिए 24.65 लाख रुपये, वन विभाग के लिए 168.15 लाख रुपये, स्वास्थ्य के लिए 14443.13 लाख रुपये, गृह कारा के लिए 44596.40 लाख रुपये, उद्योग के लिए 1482.69 लाख रुपये, सूचना जनसंपर्क के लिए 8027.06 लाख रुपये, सांस्थिक वित्त के लिए 11.16 लाख रुपये, श्रम विभाग के लिए 158.93 लाख रुपये, विधि के लिए 56.95 लाख रुपये, अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 44.02 लाख रुपये, हाईकोर्ट के लिए 3739.00 लाख रुपये, खान विभाग के लिए 1.02 लाख रुपये, संसदीय कार्य प्रभाग के लिए 12.00 लाख रुपये, विधानसभा के लिए 1.00 लाख रुपये, जेपीएससी के लिए 3540.10 लाख रुपये, योजना विकास के लिए 55.00 लाख रुपये, पेयजल के लिए 3445.50 लाख रुपये, निबंधन के लिए 26.00 लाख रुपये, आपदा प्रबंधन के लिए 16640.30 लाख रुपये, राजस्व भूमि सुधार के लिए 315.47 लाख रुपये, पथ विभाग के लिए 17015.00 लाख रुपये, ग्रामीण विकास के लिए 19428.99 लाख रुपये, तकनीकी शिक्षा के लिए 1952 लाख रुपये, स्कूली शिक्षा के लिए 22.20 लाख रुपये का प्रावधान है।

विस में सीएम हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर व अन्य। ● फोटोन न्यूज

इन विभागों के लिए बजट पर दिया जोर

चुनाव में किए गए वायदे को पूरा करने के लिए सरकार ने उन विभागों पर विशेष जोर दिया है, जिससे जनता सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के लिए 6390.55 करोड़ आवंटित की है। इसके अतिरिक्त स्कूली शिक्षा विभाग के लिए 272 करोड़, पथ निर्माण विभाग के लिए 170.15 करोड़, ग्रामीण विकास विभाग के लिए 194.28 करोड़, गृह कारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़ और पशुपालन विभाग के लिए 250.06 करोड़ दिए गए हैं।

विस के बाहर धरना पर बैठे मांडू विधायक

सड़क से सदन तक बढ़ी परीक्षा रद्द करने की मांग

PHOTON NEWS RANCHI : जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग तेज हो गई है। इस परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आहूत हजारीबाग बंद के दौरान मंगलवार को जेएसएससी सीजीएल अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज की गूंज विधानसभा तक पहुंच गई है। बुधवार को आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो सदन के बाहर हाथ में तख्ती लेकर धरने पर बैठे नजर आए। तिवारी महतो इस परीक्षा को रद्द करने के साथ ही सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। इस बीच आजसू विधायक के बाद भाजपा विधायक पूर्णिमा दास ने भी इस परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर आपत्ति जताई है और मुख्यमंत्री से इसकी सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस परीक्षा में अनियमितता की शिकायतें आई हैं, उससे साफ है कि इसकी जांच होनी चाहिए और दोषी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। छात्र आंदोलन के जरिए विधानसभा पहुंचने में सफल रहे जयराम महतो ने कहा कि सरकार को अभ्यर्थियों से बात करनी चाहिए थी। मैंने सरकार को चेताया था और हजारीबाग में सड़क पर बैठे अभ्यर्थियों से बात करने को कहा था, लेकिन सरकार ने एक न सुनी और लाठीचार्ज में छात्र घायल हो गए। अभी भी समय है, सरकार छात्र हित में फैसला ले, नहीं तो आंदोलन तेज होगा। इस मामले में बीजेपी विधायक नीरा यादव ने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे।

नए विधायकों की सुरक्षा पर जोर, 24 जगहों पर विशेष चौकसी की जरूरत

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद 9 दिसंबर से सदन का विशेष सत्र चल रहा है। इस बार 20 नये चेहरे पहली बार चुनाव जीतकर सदन पहुंचे हैं। सभी विधायक सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों से आना-जाना कर रहे हैं। लिहाजा, उन नये विधायकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्पेशल ब्रांच ने अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इसके मुताबिक 23-24 जगहों को चिन्हित किया गया है, जहां विशेष चौकसी की जरुरत है। स्पेशल ब्रांच ने संबंधित जिलों के एसपी को इससे अवगत करा दिया है। इस बाबत राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि यह एक रूटीन प्रक्रिया है। चुनाव होने के बाद नये विधायकों के विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होती है। इसी लिहाज से स्पेशल ब्रांच ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर संबंधित जिलों के एसपी को अवगत करा दिया है। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था किसी थ्रेट इनपुट के आधार पर नहीं की गई है। यह एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि तैमारा घाटी, चुट्टूपालू घाटी, तिलैया घाटी, टाटीझरिया, कोलेबिरा जंगल, बंदगाव घाटी, अमझरिया घाटी, मनिका घाटी, चतरा के जंगली क्षेत्र, गारु घाटी, हुसैनाबाद रोड पर पहाड़ी घाटी समेत रामगढ़-गोला रोड, बोकारो-बनासो रोड, गढ़वा-नगर उंटारी रोड, चतरा-पेलावल रोड, चौपारण-बरही रोड, बगोदर-सरिया रोड, चान्हो-खलारी रोड, हजारीबाग-सिमरिया रोड, कांड्रा चौका रोड को चिन्हित किया गया है। विधायकों के सदन आने और जाने के दौरान इन जगहों पर विशेष चौकसी बरतना है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता।

चेक बाउंस के मामले में सजायाफ्ता की सजा यथावत

RANCHI : न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने बुधवार को चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता सोनी देवी की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने अपीलकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा है। इससे सजायाफ्ता को झटका लगा है। सोनी देवी को न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने शिकायतवाद संख्या 1702/23 मामले में दोषी पाकर 21 जुलाई को एक साल की सजा और 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया था। कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। इस पर सुनवाई पश्चात अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी।

होल्डिंग टैक्स को लेकर न्यूक्लियस मॉल 2 और अन्य को नोटिस जारी

PHOTON NEWS RANCHI : नगर निगम ने रेवेन्यू कलेक्शन के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर 11 दिसंबर को सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में निगम की संयुक्त टीम ने निगम क्षेत्र के विभिन्न आवासीय भवनों और प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस और वाटर टैक्स की जांच की। इस अभियान के तहत कांके स्थित कैंब्रियन स्कूल, न्यूक्लियस मॉल 2, अंतु चौक स्थित जानकी भवन, यशोदा टावर स्थित कोटक महिंद्रा बैंक, परिवार कलेक्शन समेत कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई। कैब्रियन स्कूल में पूरे परिसर का रिअसेसमेंट करने का निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया गया। न्यूक्लियस मॉल 2 में बकाया कर का भुगतान शीघ्र करने के लिए नोटिस जारी किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि जानकी भवन को कई वर्षों से बकाया होल्डिंग टैक्स के भुगतान हेतु नोटिस जारी किया गया था। लेकिन, टैक्स नहीं भरा गया। इसके बाद पूरे भवन की मापी की गई। कोटक महिंद्रा बैंक यशोदा टावर में ट्रेड लाइसेंस न पाए जाने पर 15 दिनों के भीतर लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी ट्रेड लाइसेंस की जांच की गई। सहायक प्रशासक ने सभी भवन मालिकों और व्यवसायियों से अपील की कि वे जल्द से जल्द बकाया कर का भुगतान करें और ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करें। ऐसा नहीं करने पर निगम द्वारा झारखंड नगरपालिका अधिनियम-2011 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जांच को पहुंची निगम की टीम।

सर्दी का सितम : पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की आएगी कमी

झारखंड में अभी नहीं होगी बारिश, मगर तेवर दिखाती रहेगी ठंड

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में हुई बारिश के बाद ठंड तेवर में आ गई है। ठंडी हवाओं के साथ तापमान गिर रहा है। इसमें अभी और गिरावट की संभावना है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। अधिकतम तापमान अभी 27.6 डिग्री सेल्सियस है। अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। सुबह में कोहरा रहेगा, लेकिन बाद में मौसम साफ हो जाएगा। गुरुवार को सुबह में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रहेगा। बाद में आसमान साफ हो जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान बुधवार को 9.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान जमशेदपुर के अधिकतम तापमान में छह डिग्री की वृद्धि हुई है। राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री, डाल्टेनगंज में 1.4 डिग्री और बोकारो में 3.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है।

गढ़वा में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

- ठंडी हवाओं के साथ तापमान में आने लगी है गिरावट
- रांची समेत कई जिलों का तापमान सामान्य से कम

चाईबासा में सबसे अधिक उच्चतम तापमान

रांची स्थित मौसम केंद्र ने बताया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का उच्चतम तापमान 27.6 डिग्री पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री रहा, जो गढ़वा जिले में दर्ज किया गया। इस दौरान कहीं भी बारिश नहीं हुई। रांची, जमशेदपुर, डाल्टेनगंज और बोकारो थर्मल का उच्चतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम हो गया। रांची का उच्चतम तापमान 22.4 डिग्री है, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री है, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम है। जमशेदपुर का उच्चतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस है, जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। यहां का न्यूनमत तापमान 11.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है, जो सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस कम है। डाल्टेनगंज का उच्चतम पारा 25.2 डिग्री सेंटीग्रेड है, जो सामान्य से 2.2 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेंटीग्रेड कम है।

विधायक सरयू राय के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक 10 तक बढ़ी

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट ने जदयू विधायक सरयू राय को मिली राहत बरकरार रखी है। अदालत ने बुधवार को उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव की ओर से दर्ज करवाए गए मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 10 जनवरी तक विस्तार दिया है। इसके साथ अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सरयू राय की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। चुनाव के समय पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार मिलने से सरयू राय को बड़ी राहत मिली है।

'बायोमीट्रिक उपस्थिति नहीं, तो अनुपस्थित माने जाएंगे कर्मी'

PHOTON NEWS RANCHI : रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री लगातार प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में डीसी ने बुधवार को नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। डीसी ने बायोमेट्रिक सेसभी पदाधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। अनाधिकृत रुप से अनुपस्थिति पर डीसी ने बीडीओ विजय कुमार एवं सीओ कमल किशोर सिंह को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी वर्मा अनुपस्थित पायी गयीं, जिस पर डीसी ने उनकी अनुपस्थिति अधिकृत है या नहीं इसे सत्यापित करने का निर्देश दिया। डीसी ने प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की। उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें।

समाचार सार

मछुआ गागराई को दी गई श्रद्धांजलि

BANDGAON : पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड के नकटी बाजार परिसर में बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी शहीद मछुआ गागराई का 35वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई, 20 सूत्री अध्यक्ष दोड़ाय जोंकों, शहीद मछुआ गागराई की पत्नी रंधाई कुई, पुत्र सिकंदर गागराई, झारखंड आंदोलनकारी श्याम गागराई, बागुन गागराई, विजय दोंगो, रामराय सामाड, कुशल गागराई, दीपक मुंडा, एतवा टुटी समेत अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि विजय सिंह गागराई ने कहा कि शहीद मछुआ गागराई झारखंड अलग राज्य व जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए थे। शहीद परिवार को मान-सम्मान व सरकारी सहायता मिलनी चाहिए।

शिक्षा व पर्यावरण पर कल से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

JAMSHEDPUR : कदमा स्थित डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 13-14 दिसंबर को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होने जा रहा है, जिसका विषय 'हार्नेसिंग द पावर ऑफ एजुकेशन टू एम्ब्रेस एंड एडॉप्ट ग्रीन इनिशिएटिव्स' है। बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बी. चंद्रशेखर, ललिता चंद्रशेखर, सतीश कुमार सिंह, श्रीप्रिया धर्मराजन, डॉ. जूही समरपिता व डॉ. मोनिका उप्पल ने बताया कि टाटा स्टील के सहयोग से होने वाले सम्मेलन में 7 गैर सरकारी संस्था कोरू फाउंडेशन, एम्प्लीफाइंग कम्युनिटी वॉयस प्रोजेक्ट, हाउस ऑफ ग्रोनेस्ट, विनिशा, बिपोनी, सुरदीब प्राकृतिक प्रोडक्ट्स आदि भाग ले रहे हैं।

कस्तूरबा की छात्राओं ने चलाए तीर, भेदे लक्ष्य

GHATSILA : एचसीएल-ईसीसी सीएसआर के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्यकारी संस्था विद्यानिकेतन के साथ विभिन्न प्रकार के समाज कल्याण कार्य के साथ सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके के बालिकाओं की प्रतिभा के अनुरूप उनकी प्रतिभा को तैयार करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियों के लिए मल्टी फैसिलेटेड विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) मुसाबनी की 37 एवं घाटशिला (केजीबीवी) की 52 लड़कियों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण टाटा स्टील के कोच जितेन महतो व तिलक महतो की देखरेख में दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि झारखंड के ग्रामीण इलाके की प्रतिभा को निखारकर उचित प्लेटफार्म तक पहुंचाया जा सके, जिससे ये लड़कियां अपने क्षेत्र प्रखंड, राज्य व परिवार का नाम रोशन कर सकें।

मधुसूदन महतो जयंती पर छात्रों ने भरे सांस्कृतिक रंग

CHAKRADHARPUR : आसनतलिया स्थित मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय में बुधवार को मधुसूदन महतो जन्मोत्सव सह वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत व नृत्य से सांस्कृतिक रंग भर दिया। आसनतलिया के पूर्व मुखिया मधुसूदन महतो का जन्म 11 दिसंबर 1911 को ग्राम आसनतलिया में हुआ था। उनकी स्मृति में उनके पुत्रों श्यामसुंदर महतो, लक्ष्मण महतो, प्रभात कुमार महतो व कमलेश कुमार महतो ने 26 जनवरी 1992 को मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय की स्थापना की थी। आज यहां सीबीएससी माध्यम से केजी से 12वीं तक करीब 3000 छात्र अध्यनरत हैं।

मानगो के बेताकोचा में कचरा प्लांट लगाने का विरोध

JAMSHEDPUR : पलासबनी व देवघर पंचायत के मुखिया व बेताकोचा के ग्राम प्रधान ने उपायुक्त को ज्ञापन दिया है, जिसमें बेताकोचा में कचरा प्लांट लगाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यहां आदिवासियों का धार्मिक स्थल जाहिराथान है। यही नहीं, कचरा प्लांट लगाने से यहां के आसपास की खेती पर असर पड़ेगा ही, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य भी खराब होगा। इन्होंने कहा कि यदि कचरा प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया गया, तो जोरदार आंदोलन होगा।

सहायक लोको पायलट के लिए होगी परीक्षा

JAMSHEDPUR : दक्षिण पूर्व जोन के 700 से ज्यादा ग्रुप सी व डी श्रेणी के रेल कर्मचारी जल्द सहायक लोको पायलट बनेंगे। इनमें चक्रधरपुर मंडल के करीब 150 रेलकर्मी शामिल हैं, जिन्हें सहायक लोको पायलट बनाया जा सकता है। एएलपी पद पर प्रमोशन के लिए जोन स्थित चार मंडल के रेलकर्मियों से आवेदन मांगा गया था। इधर, विभागीय परीक्षा से रेलकर्मियों का ग्रेड बदलने की प्रक्रिया गार्डेनरीच में शुरू है।

चौकीदार के लिए 22 को दोबारा होगी परीक्षा

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में 1 दिसंबर को चौकीदार के 305 पदों के लिए हुई लिखित परीक्षा रद्द कर दी गई है। उपायुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अब यह परीक्षा 22 दिसंबर को दोबारा ली जाएगी।

प्रवचन देते पं. पवन कृष्ण गौतम • फोटोन न्यूज

भगवान के गुणों का श्रवण करें, यही भक्ति है : पं. गौतम

JAMSHEDPUR : गोलमुरी स्थित जॉगर्स पार्क मैदान में बुधवार को संध्या 4 बजे से भागवत कथा प्रारंभ हुई। कथा के दूसरे दिन वृंदावन से पधारे पं. पवन कृष्ण गौतम ने कहा कि वैसे सत्य को बारंबार प्रणाम करते हैं, जो समस्त ब्रह्मांड में अधर्म का नाश किया हो, कुरीति-कुमति का सर्वनाश किया हो। श्री कुसुम मधुबन बिहारी गौ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित भागवत कथा में पं. गौतम ने कहा कि यक्ष ने पहला प्रश्न किया कि आखिर मानव का धर्म क्या है और दूसरा प्रश्न भगवान के कितने अवतार हुए, साथ ही यह बताइए कि भगवान कौन से अवतार में कौन सी लीला की। सूत महाराज ने जवाब देते हुए बताया कि भागवत कथा में अमृत का रस है और भागवत सुनने के लिए नहीं, बल्कि भागवत तो पीने के लिए है, इसलिए इसका रसपान कीजिए, आनंदित रहिए, सूत महाराज ने कहा कि गंगा में डुबकी लगाने से पाप नहीं धुलते हैं, बल्कि भागवत कथा में रसपान करने से पाप धुलते हैं।

अब 10 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे सभी विभागाध्यक्ष, एमजीएम को मिले 90 लाख

पहली बार शुरू हुई यह व्यवस्था, 18 विभाग प्रमुखों के खाते में भेजे पांच-पांच लाख रुपये

मरीजों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश, विभागों के पास अब नहीं होगा कोई बहाना

PHOTON NEWS JSR: स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ा निर्णय लिया है। अब महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज-अस्पताल के सभी विभागाध्यक्षों को प्रति वर्ष 10-10 लाख रुपये खर्च करने का अधिकार दिया गया है। बुधवार को एमजीएम के विभिन्न विभागों के कुल 18 विभागाध्यक्षों के खाते में 5-5 लाख रुपये भेज दिए गए। यह राशि विभागाध्यक्षों के नाम से खुले खाते में भेजी गई है। एमजीएम कॉलेज के प्रिंसिपल डा. दिवाकर हांसदा ने बताया कि बदलते दौर में कार्य करने की शैली तेजी से बदली है। पहले विभागों में कुछ भी खामियां सामने आती थीं या मरीजों को परेशानी होने पर विभागाध्यक्ष अधीक्षक को पत्र लिखते थे। इसके बाद अधीक्षक और प्रिंसिपल स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखते थे। इस प्रक्रिया को पूरा होने में महीनों लग जाता था, लेकिन अब वह दौर खत्म हो चुका है। पहली बार सभी विभागाध्यक्षों को कम से कम पांच लाख और अधिक से अधिक 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष खर्च करने का अधिकार दिया गया है। इसे लेकर बुधवार को प्रिंसिपल ने सभी विभागाध्यक्षों के साथ में एक महत्वपूर्ण बैठक भी की। प्रिंसिपल ने कहा कि एमजीएम की सूरत बदलनी है और इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। अब सभी विभागाध्यक्षों को प्रति वर्ष 10-10 लाख रुपये खर्च करने का अधिकार दिया गया है। ऐसे में विभाग को उनसे काफी उम्मीदें हैं। अब समस्या का समाधान तत्काल ढूंढना होगा। विभागाध्यक्षों के पास किसी तरह की बहाना नहीं होगा। इसमें दवा से लेकर सर्जिकल आइटम सहित विभाग से जुड़ी सभी तरह की सामग्री की खरीदारी वे कर सकते हैं।

एमजीएम में ये विभाग संचालित

मेडिसिन, सर्जरी, आर्थो, नेत्र, ईएनटी, महिला एवं प्रसूति रोग, बर्न, एनेस्थीसिया, माइक्रोबायोलाजी, फार्माकोलाजी, पैथोलाजी, रेडियोलाजी, बायोकेमेस्ट्री, एफएमटी, पीएसएम, मनोरोग विभाग, दंत रोग विभाग।

डिपार्टमेंट हेड को प्रस्ताव तैयार कर काम करने का निर्देश

एमजीएम प्रिंसिपल डॉ. दिवाकर हांसदा ने कहा कि सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने विभाग से संबंधित एक प्रस्ताव तैयार करने को कहा है, ताकि उसके अनुसार मरीजों के हित में सभी बड़े कदम उठाए जा सकें। प्रिंसिपल ने कहा कि आवश्यकतानुसार यह राशि समय पर खर्च करनी होगी, अन्यथा लैप्स करने की संभावना बनी रहेगी। इधर, विभागाध्यक्षों ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इससे व्यवस्था में सुधार जरूर देखने को मिलेगा। अभी तक विभागाध्यक्ष के पास कोई अधिकार नहीं होता था। वह चाहकर भी विभाग की खामियां दूर नहीं कर सकता था, लेकिन अब सभी छोटे-बड़े कार्य बेहतर ढंग से किए जा सकेंगे।

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में मना भारतीय भाषा उत्सव दिवस

कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. अमर सिंह • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के हिंदी विभाग ने बुधवार को भारतीय भाषा उत्सव दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. अमर सिंह ने भाषायी एकता की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि हमें एक-दूसरे की भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। भाषा विविधता में एकता की प्रतीक होती है, और इसे हमें संजोकर रखना चाहिए। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. संजय यादव ने क्षेत्रीय भाषाओं की समृद्धि पर कहा कि भारतीय भाषाओं का संरक्षण आवश्यक है। डॉ. स्वाति सोरेन ने संथाली गीत प्रस्तुत करते हुए क्षेत्रीय भाषाओं का महत्व बताया। डॉ. अंतरा कुमारी ने भोजपुरी भाषा के बारे में बताया, जबकि डॉ. अशोक कुमार रवानी ने खोरठा भाषा में गीत सुनाया। प्रो. ईश्वर राव ने तेलुगु भाषा में एक गीत प्रस्तुत किया, जो कार्यक्रम में विविधता और समृद्धि का प्रतीक बना।

एलबीएसएम में याद किए गए महाकवि सुब्रमण्यम भारती

JAMSHEDPUR : एलबीएसएम कॉलेज में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाकवि भारती के योगदान को याद करते हुए भाषायी एकता और समाज सुधार के लिए उनकी भूमिका को सराहा गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और साहित्यकार डॉ. अशोक कुमार झा 'अविचल' ने महाकवि भारती के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला।

ग्रेजुएट कॉलेज में दी गई भारतीय भाषाओं की जानकारी

JAMSHEDPUR : साकची स्थित ग्रेजुएट कॉलेज में बुधवार को भारतीय भाषा दिवस पर संगोष्ठी हुई, जिसमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प लिया गया। तमिल के सुप्रसिद्ध साहित्यकार चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर हुए कार्यक्रम में छात्रों को भारतीय भाषाओं के बारे में जानकारी दी गई। भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया गया, एकता, सद्भाव और अखंडता का अनुभव कराया गया और राष्ट्र के विकास और एक भारत श्रेष्ठ भारत को साकार करने की दिशा में पहल करने की बात बताई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा सिंह प्रियदर्शी ने भारतीय भाषाओं के महत्व और उसकी प्रासंगिकता के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत में 1600 भाषाएं बोली जाती हैं, जिसमें 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। भारतीय भाषा भारतीय संस्कृति और सभ्यता को प्रदर्शित करने में सहायक हैं।

आपराधिक प्रवृत्ति वालों पर पैनी नजर रखने का निर्देश

घाटशिला में पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते एसडीपीओ अजित कुजूर

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत एसडीपीओ कार्यालय में बुधवार को पुलिस पदाधिकारियों की क्राइम मीटिंग हुई। इसमें एसडीपीओ अजित कुजूर ने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए आपराधिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। इसके साथ ही लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने, क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने, पुराने आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखने समेत अन्य कई बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई। अपराध उन्मूलन पर हुई बैठक में घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन दे, कुमार इंद्रेश सहित अन्य थानेदार उपस्थित थे।

बहरागोड़ा में मिले 2 नए कुष्ठ रोगी, दी गई दवा

चर्मरोग के शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक • फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बहरागोड़ा में बुधवार को चर्मरोग जांच शिविर लगा था, जिसमें जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. राजीव लोचन महतो ने 23 संदेहास्पद मरीजों की जांच की। इसमें 2 नए कुष्ठ मरीजों की सम्पुष्टि कर निःशुल्क एमडीटी वितरण किया गया। जिला कुष्ठ परामर्शी ने बताया कि शरीर में किसी भी प्रकार का दाग तथा दाग में सूनापन हो तो वह कुष्ठ रोग हो सकता है, तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। यह एक बैक्टीरिया जनित रोग है और इसका इलाज सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार तथा कुष्ठ रोग से होने वाली दिव्यांगता के बारे में बताया। शिविर में कुष्ठ के मरीजों को सेल्फ केयर के महत्व के बारे में बताया गया। उन्हें रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की जानकारी देते हुए बताया कि सर्जरी से दिव्यांगता को ठीक किया जा सकता है।

एसडीओ ने बीडीओ सीओ को दिया समन्वय बनाने का निर्देश

GHATSILA : अनुमंडल कार्यालय, घाटशिला के सभागार में बुधवार को एसडीओ सुनील चंद्र की उपस्थिति में सभी बीडीओ-सीओ की बैठक हुई। इसमें प्रखंड और अंचल कार्यालय से संचालित कार्यों के निष्पादन में आने वाली अड़चन को दूर करने का निर्देश दिया। कहा गया कि प्रखंड के अधिकांश कार्य जमीन संबंधित अड़चन रहने पर समन्य के अभाव में नहीं उतर पाते हैं। विभागों के कार्यों का निपटारा करने के लिए अंचल और प्रखंड के बीच समन्वय बनाकर कार्यों का निष्पादन करने पर जोर दिया जाए। जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र के लंबित मामले समेत अन्य पर गंभीरता से चर्चा की गई।

अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, बंद कराई दुकान

शराब दुकान के बाहर हंगामा करतीं महिलाएं • फोटोन न्यूज

CHAKRADHARPUR : अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर शराब दुकान को बंद कर दिया है। इसके साथ ही दुकान में रखे अवैध शराब को जमीन पर गिरा कर विरोध जताया। घटना के बाद गांव में बुधवार को अलग माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, चक्रधरपुर थाना अंतर्गत पंसुवा गांव में अवैध शराब के खिलाफ आजीविका वैष्णो देवी के महिला समूह महिला समिति ने अवैध शराब दुकान पहुंचकर भट्ठी बंद करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही देसी शराब को महिलाओं ने जमीन में बहा कर जमाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने गांव में शराब बिक्री करने पर रोक लगाने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि गांव में शराब बिक्री करने से माहौल बिगड़ रहा है। घर के पुरुष अपनी कमाई शराब पीने में लगा रहे हैं, जिस कारण घर में रोजाना झगड़े होते हैं।

चाकुलिया के चियाबांधी पहुंची बाघिन 'जीनत', रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

JAMSHEDPUR : ओडिशा के मयूरभंज जिले के सिमिलिपाल बाघ अभयारण्य (एसटीआर) से छोड़ी गई तीन वर्षीय बाघिन 'जीनत' ने बुधवार को झारखंड के चाकुलिया के मौरबेड़ा जंगल में कदम रखा। रेलवे ट्रैक को पार करते हुए यह बाघिन भातकुंडा पंचायत के चियाबांधी स्थित जंगल में पहुंच गई है, जहां पर ओडिशा और झारखंड के वन विभाग की टीमें उसे रेस्क्यू करने के लिए पूरी तैयारी में जुटी हैं।

रेस्क्यू ऑपरेशन और ग्रामीणों का उत्साह : बाघिन के जंगल में होने के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों की भीड़ जंगल के पास जमा हो गई है, जबकि रेस्क्यू टीम बाघिन की गतिविधियों पर निगरानी रख रही है। बाघिन को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिकअप वैन से तीन भैंसों को जंगल के पास भेजा है, जिनके सहारे बाघिन को रेस्क्यू करने की योजना है। इसके अलावा, बाघिन को पकड़ने के लिए पिंजरे की भी व्यवस्था की गई है।

बाघिन का सफर : बताया जा रहा है कि बाघिन 'जीनत' को 15 नवंबर को महाराष्ट्र के ताडोबा-अंधारी बाघ अभयारण्य से ओडिशा लाया गया था। उसे सिमिलिपाल अभयारण्य में 24 नवंबर को जंगल में छोड़ा गया था। वहां से बाघिन ने अब झारखंड के जंगलों में कदम रखा है। एसटीआर के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक प्रकाश चंद गोगिनेनी ने बताया कि बाघिन का स्वास्थ्य अच्छा है और वह अब झारखंड में प्रवेश कर चुकी है। वन विभाग उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है।

झारखंड और ओडिशा वन विभाग की साझा निगरानी : बाघिन 'जीनत' के जंगल में प्रवेश करने के बाद से दोनों राज्यों के वन विभाग अलर्ट मोड पर हैं। उनकी गतिविधियों की निगरानी के लिए जीपीएस ट्रैकर का उपयोग किया जा रहा है। ओडिशा और झारखंड के वन अधिकारी बाघिन की दिशा और गति पर कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं।

एकदिवसीय कार्यशाला से हुई ग्रामीण प्रशासन को मजबूत बनाने की कवायद

मानकी-मुंडा व दिऊरी पर परंपरा बचाने की जिम्मेदारी : आयुक्त

PHOTON NEWS CHAIBASA: पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत कोल्हान यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में मानकी-मुंडा, डाकुवा व दिऊरी की एकदिवसीय कार्यशाला में हुई। इस दौरान कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरिकुमार केसरी, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष कुमार शेखर, उपविकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी चाईबासा,सारंडा, अपर उपायुक्त व सभी अनुमंडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यशाला में उपस्थित ग्रामसभा के प्रतिनिधि • फोटोन न्यूज

कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयुक्त ने कहा कि झारखंड राज्य की संस्कृति और परंपरा ही यहां के समाज की पहचान है। इस संस्कृति के संवाहक व संरक्षक हैं, यहां के विभिन्न परंपरागत पदाधिकारी मानकी, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा व ग्रामीण दिउरी (पुजारी)।

झारखंड के ग्रामीण समाज में आपका महत्वपूर्ण स्थान है और स्थानीय शासन, न्याय एवं सामाजिक समरसता में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे ग्रामीण प्रशासन कहा जाता है। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से हो रहे सामाजिक और आर्थिक बदलावों ने मानकी-मुंडा की जिम्मेदारी को और भी बढ़ा दिया है। वर्तमान परिदृश्य में आपके द्वारा किए जा रहे कार्य यथा जनता के साथ सरकार से सीधे संबंध रखना, विवादों का निपटारा ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्रामों में करना, अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना एवं लगान वसूली सहित अन्य कार्य काफी सराहनीय हैं।

सन 1834-35 में ब्रिटिश सरकार ने इकरारनामा के आधार पर कोल्हान क्षेत्र के लिए मानकी तथा मुंडा को अलग-अलग सनद पट्टा निर्गत किया, जिसे हकूकनामा कहा जाता है। मुंडा को ग्राम का प्रधान तथा मानकी को पीड़ का प्रधान ठहराया गया है। मुंडा-मानकी अपने ग्राम तथा पीड़ के प्रति उत्तरदायी बनाए गए। यही रिवाज स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी कोल्हान क्षेत्र में प्रचलित है।

उपायुक्त ने कहा कि इस कार्यशाला उद्देश्य क्षेत्र की सामाजिक संरचना और मानकी-मुंडा में संवाद स्थापित करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से स्थानीय स्तर की समस्याओं से अवगत होना है।

BRIEF NEWS

अररिया में पुलिस ने चोरी की बाइक व कट्टा के साथ दो को किया गिरफ्तार

ARARIYA : अररिया के बरदाहा में पुलिस ने आज चोरी के बाइक के साथ दो व्यक्ति को कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। बरदाहा थानाध्यक्ष विकास कुमार मौर्या ने बताया कि चोरी की बाइक किशनगंज जिला के टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र के नोमा टोला मसजिद के पास से बरामद कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि बरदाहा थाना क्षेत्र के बरदाहा वार्ड दस निवासी श्याम शर्मा पिता राजू शर्मा ने बरदाहा थाना में कांड 78/24 के तहत मामला दर्ज किया था। गत तीन दिसंबर की रात में बरदाहा पेट्रोल पंप के आगे ऋषुराज के दुकान के आगे बाइक नंबर बीआर 38 एक्स 4502 लगाकर बगल में चाय पीने चला गया। वापस आने पर बाइक नहीं थी। जब पेट्रोल पंप के आगे बाइक लगाया था तो बाइक के पास बरदाहा वार्ड आठ निवासी सूरज शर्मा पिता बालेश्वर शर्मा, अनिल मंडल पिता मोहन मंडल था। सूचक ने जब दोनों को फोन लगाया तो दोनों व्यक्ति ने कहा कि हमलोग सिकटी थाना क्षेत्र के भपटिया में है।

लालू यादव के बयान से आधी आबादी आहत : श्रवण

PATNA : ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने महिला संवाद यात्रा को लेकर लालू प्रसाद यादव के दिए गए बयान को अशोभनीय और निंदनीय करार दिया। मंत्री ने जदयू कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लालू प्रसाद यादव की ओछी टिप्पणी से प्रदेश सहित पूरे देशभर की आधी आबादी का अपमान हुआ है और महिलायें कभी उन्हें माफ नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक है। इसलिए विपक्षी गठबंधन में दबाव की राजनीति चल रही है। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि महागठबंधन में शह-मात का खेल चल रहा है। सत्ता की महत्वाकांक्षा में सभी घटक दल एक-दूसरे की पैर खींच रहे हैं और प्रदेश की जनता भी उनके इस खेल को बखूबी समझ रही है। वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में सफाया होना तय है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव के बयान पर भी कड़ी भर्त्सना की और कहा कि उन्हें महिलाओं से माफी माँगनी चाहिए।

बिहार में पछुआ हवा ने बढ़ाई कनकनी

PATNA : बिहार में पछुआ हवा चलने से ठंड बढ़ गई है। राजधानी पटना समेत कई शहरों में तापमान धड़ाम से गिरा है। उत्तर बिहार की तरह दक्षिण बिहार में भी कोहरा बढ़ रहा है। तराई इलाकों में बुधवार को घना कोहरा छाया रहा। डेहरी सबसे ठंडा रहा, जबकि सिवान सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग की माने तो गुरुवार को भी बिहार में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार कोसी-पूर्णिया और भागलपुर प्रमंडल के कई जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। बारिश होने पर ठंड और बढ़ेगी। मौसम विभाग का कहना है कि गुरुवार को भी बिहार के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहेगा। कोहरे से ट्रेन और हवाई सेवा प्रभावित हो सकती है।

झारखंड के गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम से भेजा गया पत्र

लेटर भेज गया के महाबोधि मंदिर को उड़ाने की धमकी

AGENCY GAYA : गया के महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी मंदिर समिति को पत्र भेजकर दी गई है। धमकी मिलते ही मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस की जांच में पता चला है कि धमकी भरा लेटर झारखंड के गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम पर भेजा गया है। प्रिंस पर झारखंड सरकार ने 30 लाख का इनाम रखा है। उसके खिलाफ रेड और ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी है, लेकिन वह अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। अब तक की जांच में उसका मोबाइल लोकेशन दुबई में मिला है। इधर धमकी मिलने के बाद गया पुलिस मंगलवार को धनबाद के वासेपुर स्थित गैंगस्टर के घर भी पहुंची, लेकिन वहां प्रिंस खान नहीं मिला।

कुख्यात के घर धनबाद पहुंची पुलिस, जांच शुरू

धनबाद पुलिस ने पहले ही प्रिंस का पासपोर्ट रद्द करवा चुकी है। उसके खिलाफ प्रिंस खान साल 2021 में जमीन कारोबारी नन्हे खान की हत्या के बाद से फरार है। बोधगया को दोबारा दहलाने की साजिश 19 जनवरी 2019 को की गई थी। आतंकियों ने महाबोधि मंदिर परिसर के आसपास तीन जगहों पर विस्फोटक रखे थे। उस समय दलाई लामा बोधगया में ही प्रवास पर थे। हालांकि, गया पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर तीनों विस्फोटक बरामद कर किया था। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया था।

एजेंसियां हर पहलू पर कर रहीं जांच

धमकी मिलने के बाद महाबोधि मंदिर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जांच एजेंसियां हर पहलू पर काम कर रही हैं। बुधवार को गया के सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने कहा कि 'लेटर भेजकर धमकी दी गई है, जिसकी सत्यता की जांच की जा रही है। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। मामले में गोपनीयता बरती जा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि धमकी असली है या किसी ने प्रिंस खान का नाम इस्तेमाल कर साजिश रची है।' 7 जुलाई, 2013 को आतंकवादियों ने महाबोधि मंदिर और बोधगया के आसपास के तीर्थस्थलों पर विस्फोट किए थे। 30 मिनट में 9 विस्फोट किए गए थे। इस हमले में दो भिक्षु सहित 5 लोग घायल हुए थे।

तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग, पुलिस ने खिलाई हवालात की हवा

ROHTASH : बिहार में बात-बात पर हथियार लहराना आज कल लोगों का शौक बन गया है। वहीं स्टेटस सिंबल को लेकर भी शादी समारोह, जन्म दिन की पार्टी या खास आयोजन सहित सार्वजनिक जगहों पर भी हथियार का प्रदर्शन करने से लोग बाज नहीं आते। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रोहतास पुलिस ने अब कड़ाई से निपटने का मूड बना लिया है। दअरसल, जिले के करगहर थाना क्षेत्र के कौवाखोच में एक तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से पुलिस ने दो लाइसेंसी रायफल भी बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक हत्थे चढ़ा आरोपी चंद्रशेखर प्रधान कौवाखोज गांव का ही निवासी है। जबकि धनु कुमार सोनी सासाराम के तकिया का निवासी है। पुलिस की मानें तो चंद्रशेखर प्रधान का लाइसेंसी राइफल है। जबकि धनु कुमार सोनी दूसरे का लाइसेंसी राइफल लेकर हर्ष फायरिंग कर रहा था।

तीन लोगों ने तैरकर बचाई जान, एक किशोर लापता

शिवहर में बागमती की तेजधार में पलटी नाव

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस व लोगों की भीड़।

AGENCY SHEOHAR : बिहार के शिवहर में नाव पलट गयी। घटना पुरनहिया थाना क्षेत्र के दोस्तिया बागमती नदी घाट की बतायी जा रही है। बागमती नदी की उपधारा में छोटी नाव पलटी है। नाव पर 4 लोग सवार थे, जिसमें 3 लोगों ने तैरकर अपनी जान बचायी। एक किशोर अभी भी लापता हैं। एसडीएम अविनाश कुणाल, ट्रैफिक डीएसपी भारत, बीडीओ, सीओ, पुरनहिया थानाध्यक्ष प्रेमजीत सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। घटना के बारे में बताया जा रहा है नाव पर चार लोग सवार थे। सभी नाव से अपने घर के लिए दूसरी तरफ पार कर रहे थे। इसी दौरान नाव डगमगाते हुए पलट गयी। घटना के दौरान अफरा-तफरी मच गयी। तीन लोग नदी तैरकर अपनी जान बचा लिए, लेकिन एक लापता है। खोताखोरों की टीम शव निकालने के लिए खोजबीन कर रही है। एसडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गयी है। लापता होने वालों में एक किशोर है जिसकी पहचान दोस्तीया वार्ड 12 निवासी कैलाश शाह के 15 वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार शामिल है।

वंदे भारत रद्द, राजधानी व विवेक एक्सप्रेस ट्रेन के रूट में बदलाव

AGENCY PATNA : ग्रेटर कूच बिहार पीपुल्स एसोसिएशन द्वारा जोराई रेलवे स्टेशन पर रेल नाकाबंदी के कारण बुधवार को कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। यह नाकेबंदी लीपुरद्वार डिवीजन द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को सुबह 7 बजे से 8 बजे तक हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने जोराई स्टेशन पर पहुंच कर प्रदर्शन किया। देखते ही देखते काफी भीड़ जमा हो गई और उन्होंने पटरी पर चढ़ कर सभी लाइनों को जाम कर दिया। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के 500 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। ग्रेटर कूच बिहार पीपुल्स

एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से अलग राज्य बनाने की मांग कर रहा है। इस एसोसिएशन की मांग पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है इसलिए बुधवार को हजारों की संख्या में लोगों ने रेल रोक कर प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन के कारण कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा और कई ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने डायवर्जन से प्रभावित यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में बसों और टाटा सूमो की व्यवस्था की है।

इन ट्रेनों का मार्ग बदला : जिन ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया हैं उनमें ट्रेन संख्या-15657 ब्रह्मपुत्र मेल और ट्रेन संख्या- 15959 कामरूप एक्सप्रेस शामिल है। इसके अलावा ट्रेन संख्या- 22503 विवेक एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या- 13247 कामाख्या राजेंद्र नगर कैपिटल एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या- 12423 राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों का रूट बदला गया है। वहीं, रेल नाकाबंदी के कारण ट्रेन नं। 22227/22228 न्यू जलपाईगुड़ी-गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 15704/15703 बोंगाईगांव-न्यू जलपाईगुड़ी- बोंगाईगांव एक्सप्रेस को रद्द किया गया है।

अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत परिवार में मचा कोहराम

NAWADA : राष्ट्रीय उच्चपदस्थ संख्या 20 पर नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ के समीप फोर लेन पर बुधवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया। दुर्घटना के बाद आस-पास के लोगों ने ट्रैक्टर के नीचे दबे व्यक्ति को निकालना लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी अकबरपुर थाना को दी गई। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर ली। पुलिस ने शव को कागजी कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दी। मृतक फतेहपुर गांव निवासी बुन्दी चौधरी के 45 वर्षीय पुत्र इंद्रदेव चौधरी बताए गए हैं।

बहन को स्कूल छोड़ने जा रहा था भाई ट्रक से कुचलकर दोनों की गई जान

AGENCY SASARAM : बिहार के रोहतास में सड़क हादसे में भाई बहन की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमोर्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही आगे की कारवाई में जुट गई है। घटना चेनारी इलाके की है। मिली जानकारी के मुताबिक चेनारी थाना क्षेत्र के टेकारी में राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार भाई-बहन को कुचल दिया। जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजा हसन अपनी बहन को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहा था। इसी

क्षतिग्रस्त बाइक।

दौरान एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक खुरमाबाद के रहने वाले इजहार हुसैन के बच्चे थे। मृतक की पहचान राजा हसन (18 साल) और उसकी बहन कनिष जहरा (16 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों भाई-बहन की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही चेनारी थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा है। इस हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी ने बताया कि ट्रक चालक की पहचान के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

सीएम पर कमेंट करने पर भड़कीं लवली आनंद, बोलीं- सठिया गए हैं लालू यादव

AGENCY PATNA : राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के सीएम नीतीश कुमार की होने वाली 'महिला संवाद यात्रा' को लेकर दिए गए बयान पर शुरू हुई बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को जदयू सांसद सांसद लवली आनंद ने राजद नेता लालू यादव को जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि लालू यादव बुढापे में 'सठिया' गए हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह बयान महिलाओं का अपमान है। पटना में लवली आनंद ने कहा कि लालू यादव बहुत गलत बात बोल रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू यादव बुढ़ापा में सठिया गए हैं। उनका बयान महिलाओं का अपमान है। इस तरह की बात नहीं बोलनी चाहिए। लालू यादव मुख्यमंत्री के पद रहे और महिला जाति और मुख्यमंत्री के लिए इस तरह बोलना कहीं से भी ठीक नहीं है। उनको अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए। इधर, इंडिया गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर पूछे गए सवाल

पर जेडीयू सांसद लवली आनंद ने कहा कि यह उनका मामला है। इंडिया गठबंधन में बिखराव है। पूरे देश में विपक्षी दल कहीं भी एकजुट नहीं है। उसमें हम क्या कर सकते हैं। हम लोग सिर्फ अपनी बात करते हैं। एनडीए एकजुट है और एनडीए के नेतृत्व में देश और राज्य में विकास के लगातार काम हो रहे हैं। तिरहुत स्नातक चुनाव में जदयू उम्मीदवार की हार पर लवली आनंद ने कहा कि ये देखना पड़ेगा ऐसा कैसे हुआ। बहुत सारी बातें है उसपर मिल बैठकर समीक्षा करनी चाहिए। यह देखना होगा कि कहां चूक हुई है।

आगजनी में चार परिवारों के घर जले, लाखों की क्षति

ARARIYA : फारबिसगंज प्रखंड के मझुवा पंचायत के रानीगंज डुमरिया गांव के वार्ड संख्या एक में देर रात्री अचानक आग लगने से चार परिवार का घर जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाते-पाते चारों परिवार के घरों मे आग फैल गया,जिसके कारण घर में रखे नगदी साढ़े तीन लाख रुपए,आभूषण समेत सारा सामान जलकर राख हो गया। काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग के द्वारा आग पर काबू पाया गया।आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पीड़ित प्रतिमा देवी, प्रमिला देवी, अमित मंडल, महेंश मंडल, दिनेश मंडल ने बताया कि हमलोग खाना खाकर सो गए थे तभी अचानक आग की लपेटे देखकर हमलोग जान बचाकर किसी तरह बाहर निकले। हो हल्ला करने पर ग्रामीणों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन सबकुछ जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल ने पीड़ित परिजनों के घर पहुंच कर ढांढस बंधाया।

मुख्यमंत्री स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के दो हजार डिफॉल्टर, बेगूसराय में 900 छात्रों पर केस

AGENCY PATNA : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेनेवाले हजारों छात्र अब मुश्किलों में घिर गये हैं। बिहार के सैकड़ों वैसे छात्रों पर केस दर्ज किया गया है जिन्होंने बिहार में मुख्यमंत्री स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से लोन लेने के बाद पैसे नहीं चुकाए हैं। अकेले बेगूसराय जिले में ही मुख्यमंत्री स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभान्वित 925 छात्रों पर नीलामी केस दर्ज किया गया है। हालांकि छात्रों से ऋण वसूली के मामले में बेगूसराय बिहार में प्रथम एवं पटना दूसरे स्थान है। बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम बेगूसराय के सहायक प्रबंधक अजय कुमार राय ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सात निश्चय योजना में शामिल आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत तीन या चार वर्षीय तकनीकी शिक्षा के लिए ऋण

बिहार सरकार

Student Credit Card Scheme

दिया गया है। मुख्यमंत्री स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से लाभान्वि त वर्ष 2016-2020 तक में दो हजार छात्र डिफाल्टर हो गए हैं। वैसे छात्र जिन्होंने शिक्षा पूरी करने के एक वर्ष बाद किस्त जमा नहीं किया है, उन्होंने बताया कि 198 वैसे छात्रों को राहत दी गयी है, जो तकनीकी शिक्षा पूरी करने के बाद बेरोजगार हैं या उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसका पथ पत्र जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में प्रत्येक छह माह पर जमा किया जाता है। कोर्स समाप्त होने के एक वर्ष बाद ईमेल पर नोटिस भेजा जाता है। ईमेल के द्वारा पहुंच बार नोटिस देने के बाद रजिस्टर डाक से अंतिम नोटिस दिया जाता है। रजिस्टर डाक से भेजे गए नोटिस के बाद जो छात्र नजरअंदाज करते हैं उनके ऊपर नीलामी बाद दायर किया जाता है। बताया जाता है कि जो छात्र नियमित पढ़ाई करते हैं, उन्हें किस्त की सुविधा मिलती है। दो लाख से कम ऋण है तो 5 वर्ष में 60 किस्त देना होता है। चार लाख के ऋण को 84 किस्तों में भुगतान करना पड़ता है। कोर्स पूर्ण होने से पहले पढ़ाई छोड़नेवाले छात्रों को किस्त की सुविधा से वंचित कर दिया जाता है, उन्हें एक मुश्त ऋण का भुगतान करना पड़ता है। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के प्रबंधक बाबू सर्वजीत अकेला ने बताया कि वर्ष 2023 में 2514 छात्रों को लोन दिया गया वर्ष 2024 में 26 42 छात्रों को तकनीकी शिक्षा के लिए लोन देने का प्रावधान है। इसमें 2200 छात्रों का ऋण स्वीकृत हो गया है।

जहरीली शराब से रात में गई आंख की रोशनी सुबह हो गई मौत

BEGUSARIA : बिहार के बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र में दो लोगों की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। कथित रूप से शराब पीने के बाद दोनों की मौत होने की बात कही जा रही है। इस मामले मे एक व्यक्ति के शव का मेडिकल बोर्ड बनाकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच मे जुटी है। पुलिस प्रसाशन ने अब तक शराब पीने से मौत होने की पुष्टि नहीं की है। मृतक की पहचान चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के मैदा शाहपुर के रहने वाले ग्रामीण चिकित्सक चुनचुन सिंह एवं उनके कंपाउंड हरे राम तांती के रूप में की गई है। मृतक चुनचुन सिंह का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है। जबकि प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गठित टीम की देखरेख में हरे राम तांती का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

खुशखबरी : बदल डाली गांव की तस्वीर, दिया जाएगा 25 लाख का पुरस्कार

सिवान के तीन मुखिया को राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

AGENCY JAIPUR : बिहार के सिवान के तीन पंचायत के मुखिया को बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इन तीनों मुखिया को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इसको लेकर तीनों पंचायत के लोगों में काफी खुशी है और मुखिया भी काफी गदगद हैं। सम्मानित होने वाले सिवान के मुखियाओं में लकड़ी नबीगंज प्रखंड के बसौली पंचायत के मुखिया भारतेंदु प्रसाद पांडे, दरौंदा प्रखंड के रुकुंदीपुर पंचायत की मुखिया बबिता और जलालपुर पंचायत की मुखिया बबिता देवी शामिल हैं। तीन मुखिया के कार्यों की सराहना की गई है और अपने क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए इनका राष्ट्रपति के हाथों सम्मान होना है।

राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयनित मुखिया।

रुकुंदीपुर मुखिया ने कराया अपेक्षित विकास

दरौंदा प्रखंद की रुकुंदीपुर की मुखिया बबिता का सम्मान होने की खबर के साथ मिलते ही मुखिया और पंचायत के लोग काफी उत्साहित हैं। बता दें कि दरौंदा प्रखंड के जलालपुर में पेयजल की काफी दिक्कत थीं और कृषि के लिए जल उपलब्ध नहीं था। जिन पर मुखिया बबिता देवी ने लगातार काम किया। मुखिया बबिता ने लगभग 2000 से ज्यादा घरों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई। सिंचाई के लिए कृषि क्षेत्र में पानी की सुविधा उपलब्ध कराया। अब वक्त पर खेतों में सिंचाई और अच्छी फसल उगाने को लेकर किसानों में बहुत खुशी देखने को मिल रही है।

बसौली पंचायत के मुखिया का सम्मान

लकड़ी नवीगंज प्रखंड के बसौली पंचायत के मुखिया भारतेंदु प्रसाद पांडे ने सांसद आदर्श ग्राम योजना पेज 2 के तहत 23 / 24 से लेकर करीब 2 करोड़ रुपए खर्च कर इस पंचायत में अनेकों कार्य किए गए हैं। नाली गली, चौड़ीकारण, हनुमान मंदिर काली मंदिर स्थान में फेवर ब्लॉक बिछाना, गर्भवती महिलाओं के प्रसव के दौरान मृत्यु दर शून्य होना आदि समेत कई काम कराए हैं।

वहीं समस्तीपुर के रोसड़ा प्रखंड अंतर्गत मोतीपुर आदर्श ग्राम पंचायत की मुखिया प्रेमा देवी को भी सम्मानित किया जाना है। 2016 में इस पंचायत की मुखिया चुनी गई प्रेमा देवी ने अपने कामों के बलबूते इस पंचायत को आदर्श पंचायत बनाया। नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्रामसभा से सम्मानित इस पंचायत में तमाम बुनियादी सुविधाओं के साथ ही नई व हाईटेक व्यवस्था , मॉडल भवन , व्यवस्थित सड़कें मौजूद हैं। देश भर के पंचायत मानकों में मुजफ्फरपुर ज़िले के कटरा प्रखंड के जजुआर मध्य पंचायत को तीसरा स्थान मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा बेहतर कार्य को लेकर पंचायत के मुखिया सुमन नाथ ठाकुर को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान के तौर पर 25 लाख की राशि भी दी जाएगी। आपको बता दें कि जजुआर बिहार के बड़ा गांव के नाम से जाना जाता है। जो सरकार की सभी योजनाओं में उम्दा प्रदर्शन कर रही है। सरकार की सभी योजनाओं को बेहतरीन तरीके से सजाया गया है। इसमें गरीबी मुक्त और आजीविका, उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरित गांव आदि विषय सम्मिलित हैं।

विभिन्न मांगों को लेकर छात्र राजद ने जलाया कुलपति का पुतला

BHAGALPUR : विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को छात्र राजद कार्यकताओं ने तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने प्रदर्शन किया और कुलपति प्रो डॉ जवाहर लाल का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में कुलपति के आदेश पर वन नेशन वन इलेक्शन पर परिचर्चा कराई जा रही है, जिसका विरोध युवा राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता कर रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि वन नेशन वन इलेक्शन राजनीतिक मुद्दा है। वहीं जनसंख्या वृद्धि पर भी चर्चा होनी चाहिए इसके साथ ही समाज से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जानी चाहिए लेकिन कुलपति के द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है।

पटना मेट्रो के काम में आई तेजी

अगस्त 2025 से पांच स्टेशनों के बीच होगा ट्रेन का परिचालन

निर्माण कार्य का निरीक्षण करते मंत्री नितिन नवीन।

AGENCY PATNA : बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में तेजी आ गई है। राज्य सरकार और मेट्रो के अधिकारी मिशन मोड में इस काम को पूरा करने में जुटे हुए हैं। अगस्त 2025 तक पटना में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। शुरूआत में पटना के पांच स्टेशनों के बीच मेट्रो ट्रेन शुरू कर दी जाएगी। इसे प्रायोरिटी कॉरिडोर नाम दिया गया है, जो लगभग 6 किलोमीटर लंबा है। प्रायोरिटी कॉरिडोर में आईएसबीटी, जीरोमाइल, भूतनाथ, खेमनीचक और मलाही पकड़ी स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए पटना मेट्रो के प्रबंध निदेशक सह नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन ने बुधवार को पटना मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के प्रगति कार्यों का जायजा लिया।

हार से उपजी हताशा है ईवीएम पर सवाल

महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों के बाद ईवीएम को लेकर आसमान सिर पर उठाए विपक्ष को तब झटका लगा, जब सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिकाकार्ता से पूछा, आखिर चुनाव हारने पर ही ईवीएम पर क्यों सवाल उठाए जाते हैं। याचिकाकर्ता के साथ ही विपक्ष के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था। विपक्ष को एक और झटका तब भी लगा, जब इसी सोमवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में प्रशासन ने 75 ईवीएम का वीवीवैट यानी मतदान पर्चियों से मिलान किया और यह पाया कि मतों में कहीं कोई अंतर नहीं। इन ईवीएम का चयन सभी दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया, ताकि विपक्षी नेताओं के पास ऐसा कोई बहाना बनाने की गुंजाइश न रहे कि ईवीएम का चयन मनमाने तरीके से किया गया। इसके पहले ईवीएम के मसले पर महाराष्ट्र के विपक्षी दलों ने तब अपनी फजीहत खुद ही करा ली थी, जब उसके नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ लेने से इनकार करने के दूसरे ही दिन शपथ ले ली थी। यदि विपक्षी दलों को यह जताना था कि वे ईवीएम विरोध को लेकर इतने गंभीर हैं कि उनके विधायक शपथ लेना जरूरी नहीं समझ रहे तो फिर कम से कम हफ्ते-दस दिन तो अपने स्टैंड पर कायम रहते। वैसे इस फजीहत के बाद भी यह तय मानिए कि विपक्ष का रोना-धोना बंद होने वाला नहीं है। वह कुछ नए बहाने खोजकर लाएगा और यह रोना रोएगा कि उसे जानबूझकर हरा दिया गया। वह खबरों में बने रहने के लिए कुछ नाटक-नौटंकी भी करेगा। वास्तव में वह कर भी रहा है। इन दिनों महाराष्ट्र के विपक्षी नेता चुनाव आयोग को इस आशय की चिट्ठियां भेजने में लगे हुए हैं कि ईवीएम का इस्तेमाल बंद किया जाए। हर कोई जानता है कि इन चिट्ठियों से कुछ नहीं होने वाला। इनका उद्देश्य केवल जनता को बहकाना है। महाराष्ट्र के विपक्षी नेता गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को यह कहने के लिए उकसा रहे हैं कि उनका ईवीएम पर भरोसा नहीं रह गया है। पिछले दिनों बची-खुची राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार ने एक गांव जाकर ईवीएम को निशाने पर लिया। उनके बयान को इंगित कर कुछ लोगों की ओर से यह माहौल बनाने की कोशिश की गई कि देखिए,अब जब शरद पवार ने भी ईवीएम पर संदेह जता दिया है तो फिर उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए, लेकिन इसका जवाब किसी के पास नहीं कि आखिर क्यों। क्या इसलिए कि ऐसा शरद पवार कह रहे हैं। शरद पवार बड़े नेता हैं, लेकिन इसका यह मतलब यह तो नहीं हो सकता कि वह जो कुछ कहें, उसे पत्थर की लकीर मान लिया जाए। वह नेता हैं, न्यायाधीश नहीं। विपक्ष का ईवीएम पर रोना-धोना धोबी से न जीतने पर गधे के कान उमेठने वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। विपक्षी नेता यह तो कह रहे हैं कि महाराष्ट्र में फिर से चुनाव कराए जाएं, लेकिन वे यह कहने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं कि महाराष्ट्र के साथ झारखंड के भी चुनाव नतीजे उन्हें मंजूर नहीं और दोनों राज्यों में फिर से चुनाव कराए जाने चाहिए। शरद पवार की एनसीपी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना के साथ कांग्रेस को भी महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे रास नहीं आए और उसके नेता भी ईवीएम को कोस रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह एलान कर दिया है कि राहुल गांधी ने जैसे भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व किया था, वैसे ही ईवीएम छोड़ो यात्रा भी करेंगे। यदि कांग्रेस सचमुच ऐसी किसी यात्रा को लेकर गंभीर है, तो यह जानने की उत्सुकता रहेगी कि क्या यह यात्रा उन इलाकों से भी निकलेगी, जहां से कांग्रेस विधानसभा या लोकसभा के चुनाव जीती है। कायदे से ऐसे इलाकों वाले कांग्रेस के विधायकों और सांसदों को इस यात्रा में शामिल होने के पहले त्यागपत्र दे देना चाहिए। क्या वे ऐसा करेंगे। नहीं करेंगे, क्योंकि आसार यही हैं कि न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी। यदि राहुल गांधी ऐसी कोई यात्रा निकालते हैं तो वह अपनी और कांग्रेस की जगहंसाई ही कराएंगे। ईवीएम को अविश्वसनीय बताने के साथ उसके इस्तेमाल को रोकने के लिए उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में न जाने कितनी बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन ऐसे कोई प्रमाण न तो चुनाव आयोग के समक्ष पेश किए जा सके और न ही अदालतों के समक्ष कि उससे छेड़छाड़ की जा सकती है। 2009 के आम चुनावों के बाद भाजपा नेताओं ने भी ईवीएम पर अविश्वास जताया था। भाजपा नेता जीएल नरसिम्हा राव ने ईवीएम के खिलाफ एक किताब भी लिखी थी। डेमोक्रेसी एट रिस्क..नामक इस किताब की प्रस्तावना लालकृष्ण आडवाणी ने लिखी थी। विपक्ष जब-तब इस किताब का उल्लेख करता है, लेकिन लालकृष्ण आडवाणी ने तो यह भी कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए। क्या विपक्ष ने माना। ईवीएम को लेकर विपक्ष अक्सर यह भी कहता है कि दूसरे तमाम देशों और यहां तक कि अमेरिका में ईवीएम का इस्तेमाल नहीं होता और खुद एलन मस्क कह चुके हैं कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। निःसंदेह उन्होंने ऐसा कहा था, लेकिन अमेरिकी ईवीएम को लेकर। एक तो भारत की ईवीएम अमेरिका की तरह नहीं है और दूसरे, क्या अमेरिका में जो कुछ होता है, वह सब हमें अपना लेना चाहिए। वहां राष्ट्रपति प्रणाली है। क्या विपक्ष यह कहेगा कि भारत में भी ऐसा होना चाहिए। ईवीएम के मामले में इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि उसे भरोसेमंद बनाने के लिए समय-समय पर कई बदलाव किए गए हैं। जरूरत पड़ने पर आगे भी किए जाने चाहिए, लेकिन किसी को भी हार की खीझ उस पर निकालने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

ऐतिहासिक हैं भारत के तीन नए आपराधिक कानून

ANALYSIS

डॉ. विपिन कुमार

कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश के नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव शून्?यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निदोर्षों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गए नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरूआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तीन आपराधिक कानूनों को देश को समर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नए कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय की उम्मीद जताई, जो पूरी तरह से सार्थक भी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम- जैसे तीन नए आपराधिक कानून हमारे समाज में गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए संगठित अपराध, आतंकवाद और ऐसे अन्य अपराधों पर भी कड़ा प्रहार करते हैं। इन प्रयासों से हमें अपनी कानूनी व्यवस्था को आजादी के अमृतकाल में अधिक प्रासंगिक और सहानुभूतिपूर्वक प्रेरित करने के लिए पुनर्भाषित करते हैं। इन कानूनों को मूर्त रूप देने में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है। कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश के नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव शून्?यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निदोर्षों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गए नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरूआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है। जब समय पर न्याय नहीं मिलता तो कानून एवं

व्यवस्था का आदर न करने और उसके उल्लंघन के आदी लोगों का दुस्साहस बढ़ता है। तीनों आपराधिक कानूनों पर अमल से एक ओर जहां 60 दिन के अंदर आरोप तय किए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर सुनवाई पूरी होने के 45 दिन के अंदर फैसला सुनाना आवश्यक होगा। आंकड़े बताते हैं कि भारत के न्यायिक व्यवस्था में 3.5 करोड़ से भी अधिक लंबित मामले हैं और यहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 77 फीसद है, जो दोषियों की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भ्रष्टाचार, अत्यधिक काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही तीव्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था को कायम करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है। ऐसे में मोदी विरोधी इस बात को समझें कि नियमों में बदलाव समय की मांग थी। सरकार के इन प्रयासों से निश्चित रूप से हमारे न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधारों को सुनिश्चित करते हुए न्यायालयों को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। देश में न्यायिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा भी बारंबार आग्रह किया गया है। क्योंकि, आजादी के बाद न्यायालय की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए ऐसे सुधारों को लागू नहीं किया जा सका है। लेकिन, मोदी सरकार ने हमें 10 वर्षों के दौरान हमें एक नई उम्मीद दी है। कानून के जानकार इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है और भारतीय संदर्भ में यह बात पूरी तरह से चरितार्थ होती है। यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि लंबित मामले और विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या हमारे समाज में अन्याय की भावना को जन्म देता है। हमने अखबारों की सुर्खियों में ऐसा कई बार पढ़ा है कि किसी मामले में न्यायालय जब तक अपना फैसला सुनाता है कि आरोपित की मृत्यु हो चुकी होती है। वहीं, कई बार ऐसी स्थिति भी होती है, जब कोई आरोपी अपने आरोपों के दंड से अधिक समय जेल में बिता देते हैं। फिर वर्षों तक जेल में रहने के बाद उन्हें न्यायालय से आरोप मुक्त कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति न्याय की दृष्टि से अन्याय को जन्म देती है। इस स्थिति में त्वरित सुधार की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून समय की अनिवार्यता हैं और हमें इन प्रयासों का स्वागत करना चाहिए। हालांकि अभी बस केवल एक शुरूआत हुई है। हमें निकट भविष्य में अपने न्याय व्यवस्था की कार्य पद्धति के विविध पक्षों में सुधार पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, जिनमें नियुक्तियां, स्थानांतरण व अवसंरचनात्मक विकास जैसे प्रमुख घटक हैं। इसके अलावा भारतीय न्यायिक सेवा में भाषायी मुद्दों का भी एक विशेष ध्यान रखना होगा। जैसे कि यदि कोई कन्नड़ बोलने वाला व्यक्ति ओडिशा में न्यायाधीश का पदभार संभाला है, तो इससे वहां न्यायाधीशों और जनता के माध्यम से संचार में रुकावट पैदा होती है। इसलिए प्रयास यह होना चाहिए कि ऐसी नियुक्तियों के दौरान हमारी भाषाई और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखा जाए। साथ ही हमें अपने न्याय व्यवस्था में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल भी बेहद कुशलतापूर्वक करना होगा। इससे न्यायालय और न्यायाधीशों के अलग-अलग प्रदर्शनों का मूल्यांकन करना बेहद आसान हो जाएगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले कुछ वर्षों में हम इस दिशा में तेजी के साथ कार्य करेंगे और समाज में अधिकार और न्याय को स्थापित करने की दिशा में आने वाली हर एक बाधा को दूर करते हुए पूरे विश्व के सामने एक उदाहरण पेश करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

हर भारतवासी को उद्वेलित करता है भगत सिंह का अपमान

लोकसभा सदस्य मनीष तिवारी ने बीते दिनों विदेश मंत्री से एक महत्वपूर्ण सवाल किया। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार लाहौर हाईकोर्ट में शहीद भगत सिंह के प्रति हुई अपमानजक टिप्पणियों से अवगत है या नहीं और यदि है तो उसने क्या कूटनीतिक कदम उठाए हैं। उनके इस प्रश्न को अतारांकित प्रश्न के रूप में स्वीकृति मिली और विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने 6 दिसंबर को लिखित जवाब दिया। यह अच्छी बात है कि लाहौर हाई कोर्ट में भगत सिंह के अपमान का संसद ने संज्ञान लिया, लेकिन और भी अच्छा होता यदि इस मुद्दे को कहीं अधिक तवज्जो दी जाती। ऐसा इसलिए, क्योंकि भगत सिंह भारत के महानतम नायकों में से एक हैं और उनका अपमान तो छोड़िए, उनके विषय में कटु शब्द तक किसी को स्वीकार्य नहीं होंगे। इस मामले की जड़ें पाकिस्तान में सक्रिय भगत सिंह फाउंडेशन से जुड़ी हैं। फाउंडेशन करीब 20 वर्षों से इस प्रयास में लगा है कि लाहौर के एक प्रमुख चौराहे- शादमान चौक को भगत सिंह का नाम दिया जाए। फाउंडेशन के अनुसार, भगत सिंह समूचे उपमहाद्वीप के नायक हैं और उनकी स्मृतियों के प्रति पाकिस्तान में भी सम्मान प्रदर्शित किया जाना चाहिए। भगत सिंह को सुखदेव और राजगुरु के साथ लाहौर केंद्रीय कारागार में मार्च 1931 में फांसी दी गई थी। 1961 में उस जेल को ढहाकर वहां आवासीय कॉलोनी बना दी गई। शादमान गोल चक्कर जेल परिसर वाले फांसीघाट इलाके में ही आता है। शहीदों के इस स्थान से जुड़ाव को देखते हुए ही फाउंडेशन चौराहे का नाम बदलने का आग्रह करता आ रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उसने 2012 में लाहौर हाईकोर्ट का रुख किया। अदालत ने सरकार को निर्देश दिया कि वह नियमों के अंतर्गत कदम उठाए। उसके बाद से समाचार आते रहते हैं कि जिम्मेदार संस्थाएं इससे जुड़ी अनुकूल संभावनाएं तलाश रही हैं, लेकिन स्वाभाविक रूप से ऐसे समाचार गलत ही होते हैं। नवंबर की शुरूआत में यह मामला लाहौर हाईकोर्ट के सामने आया। स्थानीय नगर निगम ने अदालत को सूचित किया कि भगत सिंह फाउंडेशन की मांग को स्वीकार नहीं किया जा सकता और इस विचार को ही त्याग दिया गया है। इस विचार को नकारने में निगम ने पाकिस्तानी नौसेना के सेवानिवृत्त कमोडोर तारिक मजीद की राय को आधार बनाया। मजीद ने भगत सिंह के बारे में यह कहने का दुस्साहस किया कि वह क्रांतिकारी नहीं, बल्कि अपराधी थे, जिन्हें वर्तमान परिभाषाओं के हिसाब से आतंकी कहा जाता। उन्होंने एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी की हत्या की थी और उसी अपराध में अपने दो साथियों के साथ उन्हें फांसी पर लटका दिया गया।

मजीद ने भगत सिंह को नास्तिक बताते हुए उन्हें इस्लाम विरोधी भी करार दिया। उन्होंने यहां तक सुझाव दिया कि भगत सिंह फाउंडेशन पर प्रतिबंध लगा दिया जाए, क्योंकि यह पाकिस्तान की मूल विचारधारा के विरुद्ध है। लाहौर हाईकोर्ट ने अब इस मामले को 17 जनवरी तक लंबित कर दिया है। इस मामले में आगे जो भी हो, लेकिन इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता कि सिखों को लुभाने के प्रयास में जुटे पाकिस्तान में इस समुदाय के एक महान नायक की स्मृति एवं विरासत को इस प्रकार कलंकित किया जा रहा है। मनीष तिवारी के सवाल पर कीर्ति वर्धन सिंह के जवाब को देखें तो विदेश राज्य मंत्री ने यह जवाब दिया, भारत सरकार ने पाकिस्तान में भगत सिंह के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणियों का संज्ञान लिया है और कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से इस घटना के प्रति पाकिस्तान सरकार के समक्ष कड़ा विरोध जताया है। इसके साथ ही भारत सरकार ने पाकिस्तान में सांस्कृतिक विरासत पर बढ़ते हमलों, अल्पसंख्यक समुदाय की गरिमा पर आघात और उनके विरुद्ध बढ़ रही असहिष्णुता का मुद्दा भी उठाया है। सरकार और समूचा राष्ट्र भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह के अमूल्य योगदान को मान्यता देता है। उनकी पुण्यतिथि पर हर साल देश-विदेश में कार्यक्रम होते हैं। विदेश में सक्रिय भारत के कूटनीतिक मिशन भी भगत सिंह के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले कार्यक्रम करते हैं। सरकार के इस जवाब में वैसी प्रतिक्रिया प्रतिध्वनित नहीं होती, जैसी भगत सिंह के लिए आतंकी और अपराधी जैसे शब्दों के प्रयोग पर होनी चाहिए थी। सरकार की ओर से उन तिथियों का उल्लेख नहीं किया गया, जब कूटनीतिक माध्यमों के जरिए उसने पाकिस्तान से विरोध जताया। न ही यह उजागर किया कि क्या इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस मामले में कोई शिकायत दर्ज कराई या नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में किसी को इस मामले में तलब किया। इससे भी महत्वपूर्ण इस स्पष्टता का अभाव है कि सरकार ने लाहौर हाईकोर्ट में भगत सिंह के विरुद्ध हुई टिप्पणियों को हटाने की मांग की है या नहीं। कूटनीतिक विरोध की सामग्री भी सार्वजनिक नहीं की गई। इस पर अफसोस ही हो सकता है कि सरकार ने इसे सामान्य मामलों की तरह ही लिया। भगत सिंह के विरुद्ध ऐसी टिप्पणियों का लोकसभा अध्यक्ष द्वारा संज्ञान लिया जाना चाहिए था। लगता है विदेश मंत्रालय ने इस मामले को हल्के में ले लिया। यह विदेश मंत्री जयशंकर के उस दृष्टिकोण के उलट दिखता है कि देश अब नई राष्ट्रवादी भावनाओं से ओतप्रोत हो गया है। अच्छा होगा कि सरकार के नेतृत्व में देश की समूची राजनीतिक बिरादरी भगत सिंह के विरुद्ध टिप्पणियों की कड़ी निंदा करे। यदि यह संसद में किया जाए तो और भी बेहतर होगा। शादमान चौक का नाम बदलने या न बदलने का फैसला पाकिस्तान का है, लेकिन उन भगत सिंह के विषय में आतंकी एवं अपराधी सरीखी कोई अनर्गल टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए, जिन्होंने 23 वर्ष की अल्पायु में ही राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

Social Media Corner

सच के हक में...



रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में शामिल हुआ। संघर्ष से उपजी पार्टी है झारखंड मुक्ति मोर्चा। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है, कभी हार नहीं मानी है। विगत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत तथा करोड़ो राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार। आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पंहुचा मजबूत करने का काम करना है; वंचित, शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक-अधिकार देने का काम करना है।

(सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)



झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी। लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें। साथ ही, किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सभी के भविष्य के साथ अन्याय है।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

अरावली को चट कर गया खनन माफिया

